SHRI OM MEHTA : We have been taking both the things together up to this time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : The Business Advisory Committee had allotted time together for both the measures. If we are having separa'e discussions, then we have to apportion time for the two measures. That is why I said that for the Budget there will be approximately one hour and for the Appropriation Bill approximately one hour.

SOME HON. MEMBERS : No, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : All right. Now, Mr. Misra, please. ... On the Budget, please.

THE BUDGET (PUNJAB), 1971-72
General Discussion

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : यह अनपार्लियामेंटरी है, देखिये, रीजनेबिल डिसकशन रोक देंगे आप !

श्री एस० डी० मिश्र (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, आज इस सदन में जो पंजाब का बजट पेश हुआ है, उस सम्बन्ध में चर्चा करते हुये कोई बड़ी खुशी हम लोगों को नहीं होती, क्योंकि अगर राज्य सरकारों का बजट धीरे-धीरे बराबर केन्द्र में . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Bhupesh Gupta wants to detain the House by delaying consideration of the Preventive Dentention Bill.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) : Sir. on a personal explanation and on a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : There is no point of order.

SHRI BHUPESH GUPTA : Sir, the remarks you made should be expunged. If you do not expunge them, then permit me to move a resolution.

SHRI M. N. KAUL (Nominated) : Resolution on what ?

SHRI BHUPESH GUPTA : He said that I want to delay the Preventive Detention Bill. First of all, there is no Bill as Preventive Detention Bill. There is an Act called . . .

SHRI PITAMBER DAS (Uttar Pradesh) : Only when there was no time left for separate discussions.

SHRI BHUPESH GUPTA : Sir, I rise on a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please sit down.

SHRI BHUPESH GUPTA : No, Sir. . . .

(*Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please sit down.

SHRI NIREN GHOSH (West Bengal) : We do not agree. It cannot be imposed upon us.

(Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please sit down.

SHRI MAHAVIR TYAGI (Uttar Pradesh) : The Security Bill may also be discussed.

Mr. DEPUTY CHAIRMAN : We have been following the practice. If the Members want a separate discussion both for the Budget and the Appropriation Bill. I cannot have any objection. But this is the procedure. In that case we have to take into account the time earmarked for the two matters. Therefore, I think we can have one hour for the Budget . . .

(Interruptions)

SHRI BHUPESH GUPTA : Is it a bargain ? Sir, it is a bargain with us.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, it is not a bargain.

SHRI BHUPESH GUPTA : Thera should be a parliamentary procedure,,•

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I'lsise sit down. Do not interrupt . . .*(Interruptions)* . . . Pleaded do not interrupt.

SHRI BHUPESH GUPTA : . . subject to the requirenients of reasonable discussion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I did not say 'Preventive Detention'.

J SHRI BHUPESH GUPTA : These are fraudulent Acts. They bring them forward by changing their names. Therefore, you ar£ right that way. This is the Preventive Detention Act, but hypocritically and fraudulently it has been brought back as the Maintenance of Internal Security Bill. You said, I want to delay. I not only want to de!:iy it, but . . .

(Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I said you want to detain the House.

[SHRI PITAMBER DAS : In order to avoid detention.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please sit down.

^JI-IRI BHUPESH GUPTA : Then, in two |minutes you pass this and adjourn the House *sine die.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN : All right; Mr. Misra.

श्री एस० डी० मिश्र : श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि यह कोई खुशी की बात नहीं होती कि किसी राज्य सरकार के बजट के सम्बन्ध में यहां इस तरह से चर्चा करे जैसे कि दो तीन साल में होता आ रहा है, कई राज्यों में प्रेसिडेन्ट रूल हुआ और बजट पास करने और उस पर चिन्तन करने का हमें मौका मिलता है, तो उसकी हमें कोई खुशी नहीं होती। वह एक बड़े दुःख की बात है हमारे प्रजातन्त्र के लिये, हमारी डेमोक्रेसी के लिये और जिस ढंग से हमारा फेडरल स्ट्रक्चर धीरे-धीरे इरोड हो रहा है, उसका एक संकेत यह लग रहा है। अभी दो तीन सालों में हमने देखा कि लगभग पांच, छः राज्यों में प्रेसिडेंट रूल हुआ और बराबर इस सदन में और दूसरे सदन में इस पर चर्चायें हुई रूल के बारे में, नियमों के बारे में हमें विचार करने का मौका मिला, फिर बजट पर विचार करने का मौका मिला, वैसे ही पंजाब के संबंध में वही दुखद कहानी हमारे सामने प्रस्तुत है। दुखद कहानी यों है कि आज पंजाब सरकार गिरी और कोई सरकार आवे उसकी कोई बात हीं है। अभी दूसरा मध्यावधि चुनाव होने वाला है और यह निश्चय नहीं है कि मध्यावधि चुनाव के बाद फिर सरकार की शक्ल क्या होगी। उधर से कह दिया जाता है कि युनाइटेड फ्रन्ट्स या संविद सरकारों का कहीं कोई मेल नहीं है, वह हम नहीं चाहते हैं—ऐसा कांग्रेस (आर) के लोग कहते हैं। आज भी इसके अलावा, तीन चार सरकारें करीब-करीब संविद के रूप में काम कर रही हैं—केरल की सरकार संविद के रूप में काम कर रही है, वेस्ट बगाल की सरकार संविद के रूप में काम कर रही है, बिहार की सरकार भी कर रही है और उड़ीसा की सरकार भी करीब-करीब संविद के रूप म काम कर रही है जहां पर संविद दूसरे दलों का हो वह तो सविद खराब हो जाता है, लेकिन जहां कांग्रेस (आर) के साथ मिली हुई सरकारें हो जाती हैं, तो बड़ी स्वच्छ और अमृतमय हो जाती हैं।

हमने दो, तीन वर्षों से डिफेक्शन्स का इतिहास देखा। हमने देखा जब चौधरी चरण सिंह चोली और दामन के रिश्ते के साथ कांग्रेस के साथ चल रहे थे, तब तो बहुत सोशलिस्ट बन गए और ज्यों ही चरण सिंह कांग्रेस (आर) से फट गए या कांग्रेस (आर) से अलग हो गए, त्यों ही वह रिएक्शनरी हो गये। हमने वह दिन भी देखा जब चरण सिंह ने असेम्बली का डेट दिया और कहा अमुक तारीख को असेम्बली बुलाई जायेगी, मैं असेम्बली फेस करूंगा और ज्यों-ज्यों असेम्बली के दिन आते गए, चरण सिंह के ऊपर मुसीबत आती गई और उन्होंने

[श्री एस० डी० मिश्र]

यह बयान दिया कि 24 घंटे के अन्दर चाहे तो असेम्बली बुला लीजिए और केवल 4 दिन असेम्बली के रह गए जब फिर से बुलाई गई, डेट बदल गई—मुझे याद नहीं वह क्या थी—और हमने देखा कि माननीय गवर्नर साहब उत्तर प्रदेश ने उस असेम्बली को ससपेंड कर दिया, मुअत्तल कर दिया और. . .

श्री महावीर त्यागी : जब समन कर लिया था ;

श्री एस० डी० मिश्र : समन की हुई असेम्बली को मुअत्तल कर दिया । और वह दिन भी हमने देखा कि इन कांग्रेस (आर) के बड़े-बड़े नेताओं ने क्या नहीं तारीफ की गवर्नर की, कि बहुत अच्छा उन्होंने सलूक किया, बहुत अच्छा फैसला किया और यह कहा कि गवर्नर का तो डिसक्रीशन है, वह फाइनल होता है हम उसमें कैसे दखल दे सकते हैं । वह तो पब्लिक ओपीनियन का प्रेशर हुआ, महीने दो महीने में सभी विरोधी दलों ने आवाज उठाई और गवर्नर साहब को अपनी राय रिवाइज करनी पड़ी । तो वह भी इतिहास हमने देखा । आज यह इतिहास देख रहे हैं कि माननीय मन्त्री जी आ रहे हैं अप्रूवल के लिए, अप्रूवल ले रहे हैं, लेकिन गवर्नर के कांडक्ट का डिस्अप्रूवल कर रहे हैं । क्या यह सरकार है ? कोई सरकार, अगर उसको लज्जा होगी, और वह अप्रूवल के लिए आयेगी तो टोटल अप्रूवल के लिए आएगी, यह नहीं कहेगी कि गवर्नर का अच्छा होता, अगर गवर्नर साहब इसको न करते । उसके मानी क्या हैं ? उसके मानी केवल यह हैं कि माननीय मन्त्री जी इस प्लेटफार्म से डिस्अप्रूव कर रहे हैं गवर्नर के कांडक्ट को । अगर चरण सिंह के सम्बन्ध में किसी एक गवर्नर का, देश के सबसे बड़े राज्य के गवर्नर का, कांडक्ट ठीक था उस समय, तो आज जो वर्तमान गवर्नर हैं, उनके कांडक्ट के बारे में सरकार को कहना चाहिए था कि हम अप्रूव करते हैं । लेकिन क्यों नहीं करते ? क्योंकि वहां स्वार्थ लिपटा हुआ है; क्योंकि उन्हें आशा थी कि डिसक्रीशन के जरिए जैसा कि उन्होंने पांच, छः प्रदेशों में कराया है वैसे ही डिसक्रीशन के जरिए सत्ता का मजा ले लेंगे । एक तो केन्द्र में डिफेक्शन हुआ—श्रीमती गांधी डिफेक्शनों की नेता हैं, फिर वह डिफेक्शन राज उन्होंने कायम किया, फिर डिफेक्शन राज मैसूर में किया, गुजरात में किया, हरियाणा में किया । एक-एक दिन में, एक-एक हफ्ते में एक-एक एम०एल०ए० सात-सात बार इधर गया, उधर गया । वह भी इतिहास लिखा हुआ है ।

आज डिफेक्शन के बिल के संबंध में मुझे बड़ा दुःख हुआ, जब पन्त जी ने कहा—सचमुच में मुझे दुःख हुआ कि साहब, अपोजिशन के लोग इसमें यूनाइटेड राय दें तब सोचेंगे । इसमें कमेटी बनी, रिपोर्ट हुई । कम से कम आप रिपोर्ट को इम्पलीमेंट करें । कौन सी पार्टीज अपोजिशन की इसका विरोध कर रही हैं ? श्री श्याम नन्दन मिश्र जी, जो इस सदन में विरोधी दल के नेता रहे हैं और इस समय उस सदन में हैं, उन्होंने एक मीटिंग बुलाई थी और उसमें हमने कहा था कि कम से कम जो इसमें डिफेक्शन कमेटी की रिपोर्ट है उसको तो आप को इम्पलीमेंट करना ही चाहिए, बल्कि उससे भी अधिक होना चाहिए, कि जो डिफेक्शन करे एम०एल०ए० या एम०पी०, उसकी मेम्बरशिप आटोमेटिकली सीज कर देनी चाहिये । लेकिन हमने सुना क्या है ? श्रीमन्, सही बात तो यह है कि डिफेक्शन लॉ इसलिए इम्पलीमेंट नहीं हो रहा है, क्योंकि एक बड़ा भारी कुअल जोक और मजाक हो गया है और वह यह है कि कांग्रेस (आर) के जो मिनिस्टर हैं वे कहते हैं कि डिफेक्शन बिल लायेंगे । तो यह एक बड़ा मजाक लगता है और हम लोगों को क्यों लगता है ? क्योंकि ये लोग पूरी कहानी सब जगह करके तब इस तरह का डिफेक्शन बिल लाना चाहते हैं । ये लोग सब जगह डिफेक्शन कराके

सब जगह अपना राज्य स्थापित करके, तब इस तरह का डिफेक्शन बिल लायेंगे ।

एक माननीय सदस्य : क्या आप वेट कर रहे हैं ।

श्री एस० डी० मिश्र : हम क्या वेट कर रहे हैं । न तो हमारी उत्तर प्रदेश में सरकार है और न ही यहां पर हमारी सरकार है । हमारी सरकार कहीं भी बाकी नहीं है । मैं श्री याजी साहब को समझाने की कोशिश कर रहा हूँ, मैं उन्हें समझ नहीं दे सकता हूं, लेकिन मैं समझदारी की बात कह सकता हूं ।

श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि यह सरकार डिफेक्शन लॉ तब ही लायेगी, जब हर प्रदेश में डी०एम०के० को छोड़ कर, यह हर जगह पर डिफेक्शन लाद देगी और यह करीब-करीब लाद चुकी है । एक दो स्टेट्स जो अभी बाकी बच्चे हैं, वे उनके ही राज्य हैं और उन का सवाल ही क्या है । तो ऐसी सूरत में अपनी बदनीयत को दूसरों पर मढ़ना और यह कहना कि अपोजीशन एक्ट नहीं करता है और इसी लिए डिफेक्शन बिल नहीं लाया जा रहा है, बहुत ही अनुचित बात है ।

श्रीमन्, इस सम्बन्ध में हमें जो मालूमात हैं वह बड़ी ही दुखद है । डिफेक्शन बिल यह सरकार इसलिए नहीं लाना चाहती है, क्योंकि कमेटी ने जो कुछ कहा है और जिसको अपोजीशन वालों ने सपोर्ट किया ', उन बातों को यह सरकार नहीं लाना चाहती हैं । मालूम तो मुझे यह हुआ है और मेरी मालूमात सही है या गलत है, जैसा कि एक मिनिस्टर ने कहा है उसके आधार पर मैं यह कहना चाहता हूं कि डिफेक्शन बिल केवल यह आने वाला है कि जो एम०एल०ए० और एम०पी० डिफेक्ट कर जायेगा, उसको साल भर के लिए मन्त्री नहीं बनाया जायेगा । यह क्या मजाक है । यह क्या एडल्टरेशन है, क्या मिलावट है, क्या सजावट है ? किस चीज को मिला करके उन्होंने क्या सजावट की हैं । ये कांग्रेस (आर) के मन्त्री लोग भी मिलावट करना चाहते हैं । माननीय नेता श्री दीक्षित जी यहां पर इस समय नहीं हैं । मैं उनके संबंध में उनकी अनुपस्थित में कुछ नहीं कहना चाहता हूँ, लेकिन इस समय मौका मिल रहा है, इसलिए कह देना चाहता हूँ । श्रीमन्, उन्होंने लोक सभा में कह दिया कि अब इस राज्य में मिलावट कम हो गई है । यह बात उन्होंने उस सदन में कही कि मिलावट कम हो गई है । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस राज्य में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह मिलावट ही है । आज हर चीज में एडल्टरेशन है, यहां तक कि प्रिंसिपल में भी एडल्टरेशन है । उन्होंने कहा कि घी और दूध पर एडल्टरेशन कम हो गया है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि वह जो बिल डिफेक्शन के सम्बन्ध में ला रहे हैं, उसमें वह मिलावट करके ला रहे हैं ।

सरकार डिफेक्शन लॉ के सम्बन्ध में कहती है कि आज ला रहे हैं, कल ला रहे हैं । पिछले साल भी इस सरकार ने कहा था कि हम जल्दी डिफेक्शन बिल लायेंगे, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि वह इस साल भी नहीं लायेगी और इस सैशन में भी नहीं लायेगी; क्योंकि एक आध जगह और बाकी बच गये हैं, जिनको वह पूरा करना चाहती है और उसके बाद ही वह इस तरह का डिफेक्शन बिल लाना चाहती है । बिल भी जो लायेगी उसमें केवल यही होगा कि एम० एल० ए० और एम०पी० साल भर तक मिनिस्टर नहीं रह सकेंगे ।

श्री महावीर त्यागी : साल भर के बाद तो मिनिस्टर होंगे ।

श्री एस० डी० मिश्र : साल भर तक तो नहीं हो सकते हैं और एक साल के बाद हो सकते हैं । श्रीमन्, आया राम, गया राम के नेता, श्री चव्हाण साहब रहे हैं, कम से कम उन्होंने ही यह शब्द दिया आया राम, गया राम । उन्होंने एक जगह रहते हुए, एक ही पार्टी में

[श्री एस० डी० मिश्र]

रहते हुए आया राम, गया राम, स्वयं हो गये थे वे। एक बार उन्होंने सिंडिकेट कांग्रेस का साथ दिया और फिर उसी समय, उसी जगह पर मिलावट खाकर इन्डीकेट में हो गये। उन्होंने आया राम और गया राम के खिलाफ बड़ी आवाज उठाई थी और देश को बड़ी आशा बंधी थी लेकिन वह आशा अब निराशा में बदल गई है।

हमारे पन्त जी बड़ी मौरेलिटी की बात करते हैं। पन्त जी ने अपने पिता जी से केवल एक ही सबक सीखा है, एक ही चीज सीखी है। मौरेलिटी सीखी है या नहीं सीखी है, मैं नहीं जानता हूं। हमारे पन्त जी के पिता जी जो थे वे जब आरग्यूमेंट करते थे तो उसकी बाल की खाल नहीं निकालते थे। वे सफाई से बात करते थे, लेकिन हमारे पन्त जी बाल की खाल निकालते हैं और सैटिसफेक्शन नहीं देते हैं। एक आध गुण पिता जी के ले लेते और एक आध गुण नहीं लेते। मुझे उनके पिता जी से पूरा भरोसा था कि अगर वे होते तो डिफेक्शन के बिल को फौरन ले आते और कमेटी ने इस सम्बन्ध में जो कुछ कहा है, उससे भी ज्यादा रिगोरस से इसको बनाते। लेकिन आज यह सरकार दूसरों पर दोष लगा कर डिफेक्शन के बिल को नहीं ला रही है। तो आज यह ट्रेन्ड है जो पंजाब में हुआ है। यह पंजाब तक ही सीमित नही है, देश भर में ऐसा है। अभी 60 लाख रुपया निकाला गया स्टेट बक से। लोग कहते हैं कि वह केवल इसलिए निकाला गया कि बिहार में उसका खर्चा किया जाय। आज रुपया खर्च करके कांग्रेस (आर) डिफेक्शंस करा रही है। अगर ऐसा नहीं है तो उसको सामने आना चाहिए...

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : गलत है।

श्री एस० डी० मिश्र : याजी साहब जो बागड़ बिल्ला की तरह बार-बार उठ रहे हैं, मैं सुन नहीं पा रहा हूं कि वे क्या कह रहे हैं। (*Interruption*) वे सीट पर उठते हैं, कुछ कहते हैं, लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि क्या कह रहे हैं।

तो श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि आज जो दुर्भाग्य है पंजाब का उसको आप देखें...

SHRI B. K. KAUL (Rajasthan) : I feel the word *bagar billa* is no parliamentary ; it should be expunged.

श्री एस० डी० मिश्र : बागड़ बिल्ला के माने एक खिलौना के हैं। (*Interruption*) बागड़ बिल्ला एक खिलौना होता है जो ऊपर जाता है, नीचे जाता है। उसमें डिलीट करने की कोई बात नहीं है।

(*Interruption*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Order, order please. Will you conclude now ?

SHRI S. D. MISRA : I will continue after lunch ; I will take about 10-15 minutes ; I must come to the budget side of it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : The House stands adjourned till 2.00 P.M.

The House adjourned for lunch at two minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) in the Chair.

श्री एस० डी० मिश्र : श्रीमन्, अवकाश के पहले मैं यह बात कह रहा था कि इस देश में किस प्रकार आयाराम, गयाराम को इज्जत दी गई है और वह किसकी जिम्मेदारी है। आज गवर्नर पंजाब ने जो कुछ किया है, वह उन्होंने अपने जो अधिकार हैं उनका प्रयोग करते हुए किया है। आज कल 174 आर्टिकल जो कांस्टीट्यूशन में दी गई है, जब तक उसमें तरमीम न हो तब तक गवर्नर को पूरा अधिकार है, उसका

सोल डिस्क्रिशन है कि वह असेम्बली को डिजाल्व करे या न करे। मैं तो गवर्नर पंजाब को बधाई देता हूं कि उन्होंने सिक्रेट इंस्ट्रक्शन्स सेंटर से नहीं लिए और दुर्भाग्य की बात है कि आज बहुत से गवर्नर्स सीक्रेट इंस्ट्रक्शन्स लेते हैं सेंटर से। तो जिस बात में गवर्नर को सोल अधिकार हैं, उसमें अगर पंजाब के गवर्नर ने सीक्रेट इंस्ट्रक्शन्स नहीं लिए तो उनको बधाई ही दे सकता हूं। कुछ लोग कहते हैं कि पंजाब के गवर्नर पावटे साहब को रिकाल होना चाहिये। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। रिकाल इस बात पर नहीं हो सकता; क्योंकि उन्होंने अपने पद का और अपने अधिकारों का सही मानों में और मर्यादापूर्वक पालन किया है और जो अधिकार विधान द्वारा उनको दिये गये हैं, उनका उन्होंने प्रयोग किया है। इसलिए सही बात तो श्रीमन्, यह है कि आज समय आ गया है कि गवर्नर्स की पावर्स के सम्बन्ध में कोई गाइड लाइन्स होनी चाहिये और कांस्टीट्यूशन में उसका विधान होना चाहिए। आज सेंटर स्टेट रिलेशनशिप खतरे में है। उस पर भी विचार होना चाहिए। आज सेंटर स्टेट रिलेशनशिप में गवर्नर्स आते हैं, उनके क्या अधिकार होना चाहिए यह भी तय होना चाहिए। लेकिन यह गाइड लाइन्स केवल गृह मन्त्रालय या सेंट्रल गवर्नमेंट जो दे दे वही नहीं होनी चाहिये, इन पर सभी पार्टियों में विचार हो और फिर कांस्टीट्यूशन में यह बात आये। सभी दलों के लोग उस पर विचार करें; क्योंकि तीन वर्ष पहले जो कहानी थी कि ज्यादातर एक दल की सरकार सब जगह थी वह स्थिति आज नहीं हैं, हालांकि डिफेक्शन्स के जरिये आज वह स्थिति लायी जा रही है, लेकिन जो हालत भविष्य में होने वाली है वह यह है कि केंद्र में किसी दल का शासन हो सकता है और प्रान्तों में किसी और दल का शासन हो सकता है। कभी हमने यह उम्मीद नहीं की थी कि केन्द्र में एक दल का शासन होते ही उसका दुरुपयोग किया जायेगा और जो दल दूसरे दलों के साथ हैं, उन में डिफेक्शन्स करा कर उन पर इस तरह से प्रहार किया जायगा। तो सेंटर स्टेट रिलेशनशिप के सम्बन्ध में, गवर्नर्स के अधिकारों के सम्बन्ध में, उनके प्रयोग के सम्बन्ध में पूरे तौर से विचार होना चाहिये और गाइड लाइन्स का मतलब यह नहीं है कि जो प्रधान मंत्री जी या होम मिनिस्टर कह दें वही गाइड लाइन्स हो जाए। तमाम पार्टियों द्वारा उस पर विचार होने के बाद वह गाइड लाइन्स तय होनी चाहिये।

एक बात और कह कर मैं इस सम्बन्ध में अपनी बात खत्म करूंगा। मुझको जहां तक स्मरण है श्री लक्ष्मण सिंह गिल भी मुख्य मंत्री थे कुछ दिन के लिए और उनको इसी कांग्रेस (आर) वालों ने डिफेक्ट कराया, लेकिन फिर उन को वे मुख्य मत्री नहीं बना सके और अब गुरुनाम सिंह गिल के 17 आदमियों को लेकर कांग्रेस(आर)वाले डिफेक्ट करा रहे थे। तो इन के सम्बन्ध में वे कहते हैं कि करप्ट हैं, गिरा हुआ है और मैंने अखबारों में भाषण देखने की चेष्टा की, बड़ा खराब एडमिनिस्ट्रेशन है, यह कमी है, वह कमी है, उसमें सेकुलरिज्म नहीं है। तो जब आप लक्ष्मण सिंह गिल को लेना चाहते हैं तो वह सेकुलर हो जाते हैं, और जब गुरुनाम सिंह को पा जाते हैं तो वे सेकुलर हो जाते हैं, और अगर उनको नहीं पाते तो वे कम्युनल रह जाते हैं। आज कम्युनल पोलिटिक्स का गौरव बढ़ाने वाली कौन है, आज डी० एम० के० की पोलिटिक्स, अकाली की पोलिटिक्स, मुस्लिम लीग की पोलिटिक्स का गौरव बढ़ाने वाली कौन है ? आज की केन्द्र की सरकार है। मैं आपसे कह रहा हूं कि केन्द्र की सरकार है।

और करप्शन की बात कहते हैं। कहा जाता है कि बादल की सरकार बड़ी करप्ट थी, इसलिए गिर जानी चाहिये थी। अगर करप्शन की बेसिस पर किसी सरकार को जाना चाहिये तो केन्द्र की सरकार को सबसे पहले जाना चाहिये। हमने इसको लाइसेंस के मामले में

[श्री एस० डी० मिश्र]

देखा है, हमने चुनाव के समय में देखा है और 60 लाख रुपये की कहानी देश देख रहा है, हो सकता है कि इसका भंडाफोड़ हो, हो सकता है कि इसको छिपाया जाय। तो अगर करप्शन की बेसिस पर किसी सरकार को जाना है तो आज की केन्द्र की सरकार को जाना है, जिसने करप्शन को गौरव दिया है, रेसपेक्टेबिलिटी दी है। जब केन्द्र में इस तरह का करप्शन हो तब प्रान्तों के सम्बन्ध में कहा जाय कि गिल मिल या कौन-कौन या बादल या छोटे-छोटे मुख्य मंत्री करप्ट हैं। आज तो जमाना आ गया है कि किसी तरह से चन्दा ले कर रखो। चुनाव के खर्चे एक-एक या दो-दो लाख देने होंगे उसी की बुनियाद पर सभी रखेंगे, चाहे स्टेट बैंक में रखें, चाहे ट्रेजरी में रखें, लेकिन लेकर रखना है। तो जब यह रखने की हालत हो गई है, जब करप्शन इस तरह से हो रहा है तो केवल करप्शन की बुनियाद पर यह मांग करना कि बादल की मिनिस्ट्री खराब थी।

श्री शीलभद्र याजी : आप भी कांग्रेस के मंत्री थे, कौन सी तिजोरी में रखा।

श्री एस० डी० मिश्र : बैठ जाइये। दो आदमी बोलेंगे या एक आदमी बोलेगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान) : याजी जी, आप बैठ जाइये।

श्री एस० डी० मिश्र : पंजाब हमारा एक बार्डर स्टेट है और आप जानते हैं कि रेट आफ ग्रोथ की दृष्टि से, इकानामी में रेट आफ ग्रोथ के हिसाब से, चाहे एग्रीकल्चर का हो, चाहे इंडस्ट्री का हो, वह बहुत अच्छा है, कम्पेरेटिवली अच्छा है, जब कि हमारी 5 परसेंट रेट आफ ग्रोथ है, तब पंजाब की एग्रीकल्चर की 8 परसेंट है और 7 या साढ़े 7 परसेंट इंडस्ट्री की रेट आफ ग्रोथ है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि आज वहां का किसान रो रहा है, जहां का एग्रीकल्चरिस्ट बहुत खुशहाल था, वहां आज पंजाब का किसान सचमुच में रो रहा है। वही हालत हरियाणा की है, लेकिन चूंकि हरियाणा की चर्चा नहीं, इसलिये उसके बारे में नहीं कहूँगा। वही हालत यू० पी० की है और पूरे उत्तर भारत की है और शायद दक्षिण भारत की भी है। लोगों में यह भ्रम छाया हुआ है कि किसान खुशहाल होता जा रहा है, खुशी होता जा रहा है। श्रीमन्, आज पंजाब का किसान बिलकुल रो रहा है। क्यों रो रहा है? सरकार के टैक्सेज की वजह से, चाहे ट्रैक्टर हो चाहे फर्टिलाइजर हो, कोई भी चीज हो, सरकार के टैक्सेज बढ़ते चले जा रहे हैं, इनपुट्स की प्राइसेज बढ़ती चली जा रही हैं और उसको अपने प्रोडक्शन की रेम्युनेरेटिव प्राइस नहीं मिल रही है। आज जरूरत इस बात की है कि पंजाब के किसानों को न केवल रेम्युनेरेटिव प्राइस दी जाय, बल्कि रेम्युनेरेटिव पैरिटी प्राइस दी जाय। पहले यह होता था कि गल्ले का दाम बढ़ता था तो और चीजों के दाम भी बढ़ते थे और अगर गल्ले का दाम घटता था तो और चीजों का दाम भी घटता था। लेकिन दो साल से मैं देख रहा हूं, इस देश के आर्थिक इतिहास की कहानी यह हो रही है कि और चीजों के दाम बढ़ते हैं और गल्ले के दाम घटते हैं, अगर घटते नहीं हैं तो कम से कम बढ़ते तो नहीं हैं। आज तो यह हालत है कि उत्तर प्रदेश की मंडियों में गल्ला कोई लेने वाला नहीं है। फूड कार्पोरेशन चाहे खरीद लेता हो तो खरीद लेता हो, लेकिन गेहूं वहां पैदा हुआ है और उसको लेने वाले लोग नहीं हैं। तो आज पंजाब का किसान रो रहा है। उसके पास पावर नहीं है, पंजाब में पावर कट इतना है कि रोज ही वह बढ़ता जाता है और किसानों का प्रोडक्शन और फैक्ट्रीज कम ही होती जा रही हैं। इसीलिये कहा गया कि एक न्युक्लीयर पावर स्टेशन पंजाब में होना चाहिये, एक उत्तर प्रदेश में होना चाहिए, बल्कि नार्थ में दो तीन होना चाहिये। तो क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि बजट में कितना रुपया पावर के लिये प्रोवाइड किया है, कम से कम

सौ करोड़ या पचास करोड़ रुपया प्रोवाइड होना चाहिए केवल पंजाब के लिये पावर की मद में, जिससे कि वहां कम से कम पावर कट नहीं हो और वहां किसानों का प्रोडक्शन बढ़े। लेकिन मैंने बजट में देखने की कोशिश की तो उसमें थोड़ा सा जरूर है जैसा कि हर प्रदेश में 25 या 30 लाख होता है, उसी तरह से इसमें कुछ न कुछ रखा है, लेकिन पंजाब जहां कि इतनी प्रगति हुई है वहां पावर के लिये तो रुपया अधिक होना चाहिये। तो मैं समझता हूं कि इसमें इसके लिए अधिक करना चाहिये।

उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान) : अब आप मेहरबानी करके खत्म करें।

श्री एस० डी० मिश्र : जी हां, मैं कर रहा हूं। एक बात मैं और कहना चाहूंगा। श्रीमन्, यह तो प्रेसीडेन्ट रूल है। कुछ ही समय बाद चुनाव होंगे और होने भी चाहिएं। चुनाव जिस तरह से हो रहे है—आप सहमत हों या न हों, कुछ लोग सहमत हों या न हों—उसके सम्बन्ध में काफी चर्चायें हुई, विवाद हुये और इलेक्शन कमिश्नर के सम्बन्ध में भी बड़ी चर्चायें हैं। बहुत विवाद हैं, लोगों का खयाल है कि वह अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। नियम न ढंग से बन रहे हैं, न ठीक से पालन हो रहा है। और खास तरह से इलेक्टोरल रौल जिस तरह से जल्दी में, रश में बनाए जाते हैं, उसमें तरमीमें होती हैं, वह एक दुर्भाग्यपूर्ण कहानी है। चुनाव होने से पहले इलेक्शन कमिश्नर को देखना चाहिए कि इलेक्टोरल चेन्जेज जो होने हैं वे पूरे ढग से हों, उनमें नियम का परिवर्तन होना है तो तत्काल न हो, जैसे कि इस बार चुनाव हुआ 27 तारीख को नामिनेशन होता है और 25 ता० को सेन्ट्रल गवर्नमेंट का गजेट नोटिफिकेशन हो जाता है कि इस तरह से काउंटिंग होगी, इस तरह से प्रोसीजर होगा। इस तरह का एक यूनीलेटरल डिसीजन हो गया। मैं तो यह मांग करूंगा कि अब मध्यावधि चुनाव इसका आ रहा है। 1972 में चुनाव करीब-करीब हर प्रदेश में होने वाला है और मुझे कोई शक नहीं कि यू० पी० और बिहार में स्वयं कांग्रेस (आर) वाले आपस में लड़ कर यू० पी० और बिहार में चुनाव कराएगे। एक दो स्टेट्स को छोड़ दीजिये, हमारा तो अनुमान है केवल मद्रास और तमिल नाडु को छोड़ कर हर जगह 1972 में आम चुनाव होंगे। और अगर चुनाव होना है तो स्वच्छ प्रणाली के लिये, नियमों का संशोधन करने के लिए, नियमों को कार्यान्वित करने के लिए वह जो वहां बन मैन इंडिपेन्डेन्ट इलेक्शन कमीशन की बात है उसको स्क्रैप करना चाहिए, आज थ्री-मैन इलेक्शन कमीशन होना चाहिये, जिसमें ऐसे लोग हों जिनका स्टेटस हाई कोर्ट जज के बराबर हो। ऐसे लोग न हों जो बराबर प्रतीक्षा में हैं सरकार की कि कहां उनकी पोस्टिंग हो रही है, कहां वह अम्बेसेडर और गवर्नर बनाये जा रहे हैं।

(*Interruption*)

तो श्रीमन्, अन्त में मैं इतना ही कहूंगा कि जो मैंने डिफेक्शन्स के सम्बन्ध में कहा है और इलेक्शन कमिशनर के सम्बन्ध में कहा है—इसमें पोलिटिकल मोटिवेशन की बात नहीं है—बजट के संबन्ध में मैंने कहा है कि ये चीजें ऐसी हैं जिन पर सरकार को विचार करना चाहिये और वह एक आईना ऐसा अपने सामने रखें, जिससे अपना प्रतिबिम्ब दीखे। चेहरा सुन्दर जरूर है, लेकिन कभी-कभी आईना सामने रखलें तो धुंधला चेहरा जो दिखाई दे रहा है पंत जी की औरों को. . .

श्री शीलभद्र याजी : जैसे आपका चेहरा हमको दीख रहा है।

श्री एस० डी० मिश्र : तो अगर थोड़ा सा अपना चेहरा कभी यह देख लें तो समझ में आ जाएगा कि उनकी शक्ल और लोग कैसी देख रहे हैं। सारा हिन्दुस्तान देख रहा है। उनका जो नया नारा गरीबी हटाओ का है, वह पंजाब में हटा दें, अब तो वहां सेन्ट्रल एडमिनिस्ट्रेशन है। हम आशा करते हैं वहां के जो एम्प्लाईज

[श्री एस० डी० मिश्र]

है उनकी तकलीफों को दूर करेंगे। इस बजट को जो मैंने थोड़ा सा पढ़ा है, इसमें मैंने देखा नान गजेटेड आफिसर्स जिनके पे स्केल्स का सवाल है, उनके लिये एक पैसा नहीं रखा। इसी तरह से पे स्केल आफ टीचर्स का सवाल था, कोई पैसा नहीं रखा।

इन शब्दों के साथ मैं समझता हूं, ऐसा बजट सरकार ने लाना था तो अपनी तसवीर स्वयं देख लें हम लोग क्यों दिखाएं।

श्री मान सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, आज ही राष्ट्रपति की घोषणा के सम्बन्ध में हुई बहस का उत्तर देते समय माननीय पंत जी ने इस बात को स्वीकार किया कि पंजाब ऐसा प्रदेश है कि जहां पर बराबर ही सांप्रदायिकता की भावना रही है और उसके कारण से वहां पर बराबर समस्यायें उपस्थित होती रही हैं। ठीक बात है यह। उन्होंने इसको स्वीकार किया है। परन्तु श्रीमन्, इसके सम्बन्ध में मुझे यह पूछना है कि वहां पर सांप्रदायिकता बढ़ी है, कम नहीं हो सकी, यह किसका दोष है? यह दोष कांग्रेस सरकार का है जिसके कारण वहाँ पर साम्प्रदायिक भावना पनपी है और उसे प्रोत्साहन मिला है। आज से 30-40 वर्ष पहिले की बात है कि वहां पर हिन्दुओं और मुसलमानों का इतना सवाल नहीं था जो सवाल हिन्दुओं और सिखों का वहां पर आज पैदा कर दिया गया है। आखिर क्या हिन्दू सिखों से अलग हैं? सिख शब्द जो है वह शिष्य से बना है। शिष्य, गुरू से पैदा हुए। गुरू किस लिए पैदा हुए? गुरुओं का जन्म किस वास्ते हुआ? गुरुओं का जन्म हिन्दुत्व की रक्षा करने के लिए हुआ था। हिन्दुत्व की रक्षा करने के लिए गुरुओं ने जन्म लिया। आज जो उनके अनुसरण करने वाले हैं, जो उनके फोलोवर्स हैं उनकी भावना ऐसी हो गई है कि हम हिन्दुओं से अलग है और इस तरह की भावना को बल किस से मिला? इनकी कृपा से जो उधर बैठे हैं।

(*Interruptions*)

एक माननीय सदस्य : यह तो अंग्रेजों की कृपा से हुआ।

श्री मान सिंह वर्मा : आप तो उनके दत्तक पुत्र हैं। तो मैं यह कह रहा था कि आज से 40 वर्ष पहले देश के अन्दर जो साम्प्रदायिक भावना थी, उसका अन्दाजा लगाइये। और जब से आजादी आई, उसके पश्चात जो साम्प्रदायिकता देश के अन्दर प्रबल हुई है, उस का अन्दाजा लगाइये, तो आपको मानना पड़ेगा कि साम्प्रदायिक भावना को किस ने पैदा किया है।

अभी माननीय कौल साहब ने कहा कि अंग्रेजों की यह देन थी। ठीक है, परन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जो अंग्रेजों की गलत देन थी उन्हें समाप्त कर दिया जाना चाहिये था। देश स्वतंत्र हो गया है और अपने लोगों द्वारा यहां पर राज्य होने लगा है, प्रशासन अपने द्वारा चलाया जा रहा है, तो फिर इस तरह की जहरीली भावना को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। लेकिन उन्होंने तो अंग्रेजों के गुरुमंत्र को संजोकर रखा है और उससे लाभ उठाया है; अंग्रेज भी डिवाइड एन्ड रूल की नीति अपनाते थे और हम भी उसी नीति को अपना रहे हैं। आज तक पंजाब के अंदर जो खेल होता रहा है वह इसी बात के लिए हुआ है।

एक सिख परिवार है, वह केश रखता है मगर उनकी रिश्तेदारियां नान केश धारियों के यहाँ हैं, दूसरों के यहां है और इस तरह से बराबर के रीति रिवाज, खानपान और शादी ब्याह एक दूसरे से हुआ करते थे। लेकिन गुरू ग्रन्थ साहब और गुरू नानक साहब के प्रति सब की श्रद्धा थी, सब हिन्दुओं की श्रद्धा थी। आज भी है। वहां पर पहिले भाषा का झगड़ा नहीं

था और वह झगड़ा तब से शुरू हुआ जब से वहां पर कांग्रेस की सरकार बनी। इसी सरकार के कारण वहां पर तरह तरह के झगड़े हुए।

कांग्रेस कहती है कि हम सिक्यूलरिज्म को मानते हैं, धर्मनिर्पेक्षता को मानते हैं। धर्म-निर्पेक्षता के माने यह नहीं हैं कि जो कर्त्तव्य परायणता है उसको समाप्त कर दिया जाये।

श्रीमन्, पंजाब के लिए यह विशेष बात रही है और इसी कारण पंजाब का विभाजन हुआ। पंजाब का विभाजन किस की देन है? पंजाब का विभाजन भी इन्हीं की देन है और पंजाब के विभाजन के पश्चात हमेशा इस बात की कोशिश करते रहे कि इस सरकार को गिराना है, उस सरकार को गिराना है। जहां पर अपना प्रभुत्व है वहां पर सरकार रहेगी और जहां पर अपना प्रभुत्व नहीं होगा वहां सरकार गिरा दी जायेगी।

श्रीमन, डिफेक्शन सम्बन्धी बिल के लिए कितने दिनों से माननीय सदस्य सरकार का ध्यान दिला रहे हैं। डिफेक्शन कब ही का बन्द हो जाता लेकिन यह सरकार बन्द करना नहीं चाहती है। आज इस सरकार को यह कहते कितने दिन हो गये कि हम डिफेक्शन के लिये बिल ला रहे हैं। डिफेक्शन उस समय तक बन्द नहीं हो सकता है जब तक कि उसके अन्दर यह प्रावधान नहीं किया जाता है कि अगर एक पार्टी से कोई दूसरी पार्टी में चला जायेगा तो उसको मेम्बरशिप छोड़नी पड़ेगी, उसको अपना पद छोड़ना पड़ेगा, उसको अपनी सीट छोड़नी पड़ेगी और कम्पलसरीली रिजाइन करना पड़ेगा। जब तक ये चीजें इसमें नहीं डाली जाती हैं तब तक डिफेक्शन बन्द नहीं हो सकता है। सरकार इस तरह का बिल ला रही है कि एक साल तक मन्त्री नहीं बन पायेंगे। इस संबंध में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप चार साल तक मन्त्री न बनें और 10 लाख रुपया दे दिया जाय तो फिर मन्त्री बनने की क्या जरूरत है। आप इस तरह से रुपया देकर लोगों को खरीद सकते हैं। अगर आप पद नहीं देंगे तो आप रुपया दे सकते हैं। यह डिफेक्शन उसी समय बन्द हो सकता है जब आप इसमें उस तरह के प्राविजन डालें जैसा मैंने ऊपर बतलाया है। अगर कोई एम० पी० किसी दूसरी पार्टी में जाता है तो उसको त्यागपत्र देना होगा, अगर कोई एम०एल०ए० दल बदल करता है, तो उसको त्याग पत्र देना चाहिये और अगर वह फिर से आना चाहता है तो दुबारा चुनाव जीत कर आये। अगर इस तरह की बात होगी तो तब ठीक है। लेकिन यह सरकार इस तरह की बात डालने के लिए तैयार नहीं है। इस वास्ते डालने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि उसकी सारी गाड़ी इसी कारण चल रही है। इस तरह की बातों को देखकर मुझे बड़ा दुख होता है।

श्रीमन्, एक दफा मुझे याद है, कांग्रेस प्रेजीडेंट श्री जगजीवन राम जी ने बड़े अभि-मान और गर्व के साथ यह बात कही थी कि बिहार के कुछ सदस्य टूटकर हमारे पास आ रहे हैं और हमें अब कोई डर नहीं है। लोग टूट करके आते हैं उनको अपनाने में बड़ा गौरव होता है तो जहां पर डिफेक्शन के लिये गौरव का अनुभव हो क्या वहां पर श्रीमन, कभी डिफेक्शन बन्द हो सकता है। नहीं बन्द हो सकता है। तो इस प्रकार से यह साम्प्रदायिकता, इस प्रकार से यह दलबदलना, यह कभी भी दूर नहीं हो सकता क्योंकि जो रूलिंग पार्टी है वह इस बात का प्रयास करती रहती है कि इस प्रकार से अगर होता रहा तो हम सत्ता में बने रहेंगे।

श्रीमन्, भाषा का प्रश्न है। पंजाब में भाषा का प्रश्न बड़ा जटिल बना दिया गया है। पहले नहीं था। आखिर हिन्दी और पंजाबी में अन्तर क्या है। हमने हमेशा इस बात को कहा है और हम मानते हैं कि सब प्रदेशों से जो रीजनल लैंग्युलेज हैं, जो हमारी क्षेत्रीय भाषायें हैं, अपने अपने स्थान पर सब को उन्नति करन,

[श्री मान सिंह वर्मा]

चाहिये, अपने अपने स्थान पर सब को पनपना चाहिये । जितनी भी हमारी क्षेत्रीय भाषायें हैं वे सब प्राय: संस्कृत से निकली हैं और उनकी मां संस्कृत है और इस कारण से संस्कृटाइज्ड जितनी भी लैंग्युएजेज हैं वे सब अपने अपने स्थान पर तरक्की करें । एक सम्पर्क भाषा जरूर होनी चाहिये और वह हिन्दी मानी गई है । विधान ने भी उसको माना है और बड़े बड़े लोगों ने भी उसको माना है । इसका कोई झगड़ा नहीं था । मैं स्वयं लाहौर में पढ़ा हूं । संस्कृत का केन्द्र रहा है लाहौर 1924, 25 की बात है । मैं आप को बताऊं कि वह जिस प्रकार से संस्कृत का केन्द्र बना हुआ था उससे काशी की याद आ जाती थी । आज जा करके हम देखते हैं कि पंजाब में संस्कृत का कोई नाम लेने वाला नहीं है । संस्कृत महाविद्यालय वहां पर चलते थे । आज़ादी के पश्चात वहां पर संस्कृत का बोल बाला होना चाहिये था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ । वहां ऐसी भावना को प्रोत्साहन दिया गया कि संस्कृत तुम्हारी भाषा नहीं है, हिन्दी तुम्हारी भाषा नहीं है, पंजाबी तुम्हारी भाषा है । आखिर पंजाबी और हिन्दी मे अन्तर क्या है । हिन्दी का एक विकृत रूप पंजाबी है । वह एक डाइलेक्ट है । लोग इस प्रकार से उसको बोलते हैं कि हिन्दी में हम पुत्र कहेंगे, उसमें वे पुत्तर कहेंगे, हिन्दी में हम मित्र कहेंगे और उसमें वे मित्तर कहेंगे। अन्दर केवल बोलने का है । इसमें कोई विशेष अन्तर नहीं है । इसमें इस प्रकार की धार्मिक भावना बढ़ा देना यह कांग्रेस का काम है ।

दूसरे हरिजनों का प्रश्न आया था । हमारे सम्मानित मित्र माथुर जी ने ध्यान दिलाया था माननीय मन्त्री जी का और पन्त जी ने उसका उत्तर दिया था । उन्होंने कहा कि प्रसीडेंशियल रूल में इस बात का प्रयत्न किया जायेगा कि उनके साथ जो भी ज्यादतियां हुई हैं वे नहीं होने पायें । मैं उनके उत्तर से सतुष्ट नहीं हूं । मैं यह चाहता हूँ कि बराबर जो इधर समाचार आये हैं । पंजाब के उन से यह पता लगता है कि बड़े बड़े अत्याचार, बड़े बड़े जुल्म वहां पर हरिजनों के ऊपर पिछले दिनों श्री बादल के समय में हुये हैं । वे अत्याचार किस प्रकार के हैं । उनको जो जमीनें पिछली मिनिस्टरी में दी गई थीं, जो पट्टे लिखवाये गये थे, वे पट्टे वापस ले लिये गये, वे जमीनें उनसे छीन ली गई । गांव गांव में, जगह जगह में स प्रकार के अत्याचार हुए हैं । कहीं गांवों से लोगों को निकाला गया है, कहीं किसी ने मकान बना लिया तो वह मकान उससे वापस लिया जा रहा है । इस प्रकार की वहां पर वारदातें हुई हैं । इसके लिए मैं यह निवेदन करूंगा कि एक इन्क्वायरी कमीशन बैठाया जाये जो इस बात की खोज करे कि पूरे पंजाब में हरिजनों के ऊपर किस प्रकार के अत्याचार हुये हैं और उन का निराकरण करने के लिए वह कमीशन अपनी रिपोर्ट दे ।

तीसरी चीज बहुत संक्षेप में मैं यह कहना चाहता हूं कि बहुत अर्सा हुआ जब 83 करोड़ रुपया पाकिस्तान को दिया गया था पानी के सिलसिले में । उस रुपये को देने के बाद इतना लम्बा अर्सा हो गया कि पाकिस्तान ने अपने बांध बना लिए, अपनी नहरें बना लीं और जो उसके यहां कमियां थी उन को पूरा कर लिया । किन्तु अभी तक हमारा न तो पोंग बांध पूरा हो पाया और न सतलुज का थीम बांध अभी तक प्रारम्भ हो पाया । उसका नतीजा यह है कि जितना भी हमारा पानी है वह पाकिस्तान के पास जा रहा है । उससे लाभ उठा कर पाकिस्तान ने अपनी संपन्नता बढ़ा ली है । अगर उस पानी का हमारे यहां उपयोग किया जाता तो उससे हमारे यहां बिजली ज्यादा बनती और डैम हमारे पूरे हो जाते । अभी मिश्रा जी ने जिक्र किया था कि बिजली की कमी के कारण किसानों को ऐसी हानि हो रही है कि किसानों को जिस प्रकार से पनपना

चाहिए, उस प्रकार से वे पनप नहीं पाये हैं। मैं माननीय मन्त्री जी का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूं।

अब मैं एक और बात कह कर समाप्त कर रहा हूं और वह बात यह है कि मंडियां हमारी समाप्त हो रही हैं। श्रीमन्, आप जानते हैं कि पंजाब जो है वह सारे देश को गेहूं देता है अनाज देता रहा है, ग्रेनरी कहलाता है हमारे देश की। लेकिन वहां पर आज यह स्थिति है कि मंडियां पटी पड़ी हैं और एस०टी०सी० वहां पर उठा नहीं सकी गल्ला। पहले तो कुछ असमय में वर्षा हो गयी उसके कारण गल्ला *खराब हुआ, भूसा खराब हुआ और उसके बाद* जो मंडियों में आया वह उठा कर नहीं ला सके पूरे तरीके से वह वहां खराब हो गया और उसका नतीजा यह है कि वह स्वयं कंट्रोल नहीं कर पाते। और एक भयावनी प्रवृत्ति चल रही है हमारे प्रशासन में आज कि हर चीज को सरकार करेगी। सरकार उस को ठीक प्रकार से कर सके या न कर सके। लेकिन सरकार को करना चाहिए। जबकि दूसरे न कर पा रहे हों किसी काम को और असुविधायें हो रही हों तो सरकार को किसी काम को करना चाहिए, लेकिन स्वयं सरकार करेगी नहीं और दूसरों को करने नहीं देगी और नतीजा यह होगा कि जनता सफरर होगी। छोटे छोटे आदमी, छोटे-छोटे किसान, छोटे-छोटे कर्मचारी जो उसके भरोसे पर जिन्दा रहते हैं, जिनके कारण सारे देश को अन्न मिलता था आज वही बड़े सफरर हैं और जो समाजवादी सरकार है वह उन गरीबों का पेट काट रही है और पेट अगर मोटे हो रहे हैं तो एस०टी०सी० के आफिसर्स के हो रहे हैं। गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा है। तो मैं निवेदन कर रहा हूं कि इन मंडियों को क्यों समाप्त किया जा रहा है, छोटे छोटे आढ़तियों को क्यों समाप्त किया जा रहा है। इस प्रकार का प्रतिबन्ध होना चाहिए कि यदि सरकार ने यह भार अपने हाथ में लिया है तो उसको संपन्नता के साथ, योग्यता के साथ करे और ठीक प्रकार से वह होना चाहिए। लेकिन यहां तो न खुदा ही मिला न बिसाले सनम, न इधर के रहे, न उधर के रहे। काम करने वालों को करने न दें और अपने आप करें नहीं। तो इन शब्दों के साथ मैं अपने कथन को समाप्त करता हूं और मन्त्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जिन बातों की ओर मैंने मन्त्री जी का ध्यान दिलाया है उन पर वे गौर करने की कृपा करें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Mr. Niren Ghosh.

श्री राजनारायण : *मैं भी बोलूंगा।*

श्री एस० डी० मिश्र : श्रीमन्, एक मेम्बर बोलने खड़े हुए और राजनारायण जी सामने से चले गये, उनको रोका जाये।

SHRI NIREN GHOSH : All parties can speak ; it is a general discussion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : We will finish the Budget and then we will take up the Appropriation Bill.

श्री राजनारायण : मैं तो इस बजट पर बोलूंगा।

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT/**संसदीय कार्य विभाग तथा नौवहन और परिवहन मन्त्रालय में राज्य मन्त्री** (SHRI OM MEHTA) : Sir, only one hour was allotted for this by the Business Advisory Committee.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : I want the hon. Members to know that one hour was allotted for this . . .

श्री राजनारायण : आनरेबिल मेम्बर यह सब कुछ नहीं जानते, वे अपना कर्त्तव्य जानेंगे, हम जनता के प्रतिनिधि हैं, सरकार के नहीं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Your representatives have decided in the Business Advisory Committee. . .

श्री राजनारायण : वह बिजनेस कमेटी है, गिलोटिन कमेटी नहीं है । बिजनेस कमेटी सरकार की खिलाऊ कमाऊ नहीं है ।

SHRI NIREN GHOSH : Sir, it is a tragic thing that we are forced to take up the Budgets of different States at different times.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Mr. Niren Ghosh, we are now dealing with the Budget of Punjab.

SHRI NIREN GHOSH : Yes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : We have discussed the Proclamation for the establishment of President's rule. The Appropriation Bill will come later on. If you want to speak generally, you can speak later on ; 1 will give you time. All right, now Mr. Sultan Singh.

SHRI NIREN GHOSH : Sir, what is it?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : You want to speak ?

SHRI NIREN GHOSH : Yes, I am speaking

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : I thought you were not in the mood.

SHRI NIREN GHOSH : I was speaking and you interrupted me. So, I kept quiet.

श्री एस० डी० मिश्र : दिक्कत यह है कि वे खड़े रहते हैं और मालूम होता है कि बैठे हैं ।

श्री नेकी राम (हरियाणा) : मुझे कुछ कहना नहीं, लेकिन थोडी गलती यह हुई कि वह खड़े हैं और आप ने सोचा कि वे बैठ गये ।

SHRI NIREN GHOSH : Sir,, I was saying that it is really tragic that under the so-called Constitution we are being compelled or rather forced to take up different State Budgets, Presidential Proclamations and the rule of the Centre in different States. All those proclamations so far have revealed one sordid thing, *i.e.* the Governors are an instrument in the hands of the Centre, the Union Government, to subserve its political ends which have no relation with the welfare of the people of the States concerned.

Take, for example, our Governor. He is still there. I hear he is going to be transferred to some other job and one Mr. Viswanathan from Kerala is going to my State. In our State the Governor used to tell us, I am an instrument of the Centre ; so what the Prime Minister tells me, I will do. That is how he used to tell us. So, Shri K. C. Pant, the honourable Minister, was telling us that he had no opinion on the step taken by the Governor, Dr. Pavate. But perhaps in an unguarded moment he referred to some honourable Member's suggestion that the Governor should have explored the possibility of the formation of an alternative Government so that he was not criticised by anybody. So in effect he said that the Governor's action is open to criticism indirectly, obliquely. None 'the' less it is true perhaps in this case the step taken by the Governor has not served the purpose of the ruling Congress, perhaps. That is why in an indirect way Shri K. C. Pant did comment that the step should not have been taken in this matter. Now, what is a Governor ? What is the scope, what are the powers and functions of a State Government ? Even whatever there was in the Constitution over the past two decades, the Centre has encroached upon the rights and privileges and functions of the different States of India. That has been the position. And in this matter, the Governors, the posts of Governors, have served as convenient tools, all along, in the hands of the ruling Congress. So there are double standards on the part of the Union Government. Why, not double standards, any number of standards they can set up to suit

their convenience, when they find any Government which is in opposition to them functioning in any State. Whether the Akali Government was an efficient Government or there i as corruption there—corruption is there eery where ; in all Congress Governments here is co.r'uption ; in the DMK Governnent which is a holy ally of Shrimati Indira Gandhi now, charges of corruption have been levelled againsl. .

SHRI G. A. APPAN (Tamil Nadu) : On a point of order, Sir. How can our friend say anything against the DMK Government ? He can speak only about the Punjab Go\ernment, he can only speak on the subject \.hich the House is discussing now. How can he talk about the DMK Government ? It is not fair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : You are right. Mr. Appan. Please sit down.

SHRI G. A APPAN : Why should he drag the name of the DMK Government into the picti re ? It is very unkind. Please give him instructions not to do so hereafter.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Please do not refer to other governments.

SHRI NIRI N GHOSH : Now when they are allies of the ruling Congress, they choose. . .

SHRI G. A. APPAN : What is your ruling, Sir ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : I have requested him not to refer to other governments.

SHRI G. A. APPAN : Thank you very much.

SHRI NIREN GHOSH : But that was not the case what Shri Annadurai was alive. The character of DMK was a bit different when Shri Annadurai was alive. Shri Appan should know that was then a big difference.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Let us come to Punjab Budget.

SHRI NIREN GHOSH : Yes, Punjab Budget. Under Shri Annadurai's leadership, it was different. Now they are in alliance with the Tilling Congress. They could come to an electoral understanding under which this great Congress Party consented not to contest any Assembly seats. Such is the character of their abiding influence. That is why DMK is now protesting too much.

The question is whether the time has not come for this system and these Constitutional practices to be changed. That is the simple question that is posed c ich time when the State budget or Presidential proclamation comes up here for the approval of Parliament. Look at these numerous instances of sordid, under-hand, b ick-stage dealings and conspiracies in order to use the Governors for Party ends and not the ends of the State. It has been discussed time and again. Has not the time come when this archaic post of Governor should be abolished altogether ? There should not be any Presidential proclamation and Presidential rule in any of the States of India.

Sir, 1 do not know. You are a great lawyer and you can enlighten me. In that country which is your source of inspiration in many matters, namely, the United States of America, there is federal system in their own way. The federal government rules the States of USA. As far as I remember, I have not come across any instance when there was any President Nixon's proclamation over a State of the United States of America. But here there are proclamations galore, as if the peoples of the States are like chattle to be bartered or handled. That is how Delhi is treating the peoples of the States of India. *(Time bell rings).* Sir, I have just begun. Therefore, I feel that this system of Presidential proclamation and Presidential rule should be abolished. If there is any crisis, the State Assembly should be called to decide it.

The Assembly is, after all, a body of the elected representatives of the people of the State concerned. If no government can be formed, the Assembly will decide, make some *ad hoc* arrangement and order fresh election. This is how it happens in every State and this should apply to all the States of India. Otherwise, the so-called State Legislatures and the State Governments really have no powers to bring about any I serious changes for the welfare of the people I of their States. So, Sir, that is the one

[Shri Niren Ghosh]

point that I would like to say. Then, Sir, I would like to state that this Constitution should be fully amended, the post of Governor should be abolished and the States should govern themselves through their Legislatures and if a government cannot be formed or if a government cannot function, some *ad hoc* arrangement should be made by the Assembly concerned or a fresh election ordered as it happens in every democratic country of the world.

Now, Sir, it is being said that the Punjab issue took on a communal colour, communal politics. I do not know whether it is reflected in the Budget.

(Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : Mr. Niren Ghosh, you will appriciate my request.

SHRI S. D. MISRA : Why not, Sir ? These things are to be mentioned in a speech like this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN) : No, Mr. Misra...

श्री राजनारायण : अब इस समय जो वस्तु स्थिति है, उसका अवलोकन होना चाहिये । जो सरकार प्रिवी पर्स को पाप समझती है—और समझना चाहिये मेरे नुक्तेनजर से—जिस प्रिवी पर्स को लेकर इतना हल्ला मचा, इतना बावेला खड़ा हुआ और मार्च में यह सरकार गठित हो गई, मार्च अप्रैल, मई, जून, चार-पांच महीने बीत रहे हैं, लेकिन अगर प्रिवी पर्स अनुचित है—हमारी दृष्टि में अनुचित है—तो इस सरकार ने उसको सबसे पहले खत्म करने का विधेयक क्यों नहीं प्रस्तुत किया ।

श्री शीलभद्र याजी : आ रहा है ।

श्री राजनारायण : आयेगा । कुछ खबर नहीं है पल की, कौन जाने कल को । यह कह रहे हैं कि आ रहा है, हमें तो नहीं दिखाई दे रहा है । तो इस बजट में भारतीय शासकों के प्रिवी पर्स और भत्ते के लिये लाखों लाख रुपये की व्यवस्था करना सचमुच में किसी भी जनतंत्री सरकार के लिए शोभा की बात नहीं है और जो सरकार अपने को समाजवादी, समाजवादी, समाजवादी चिल्लाती है उसके लिए कितनी घृणा की बात है, कितनी दुष्टता की बात है ।

देखिये अब अकाल की बात है । 1 करोड़ 15 लाख 1 हजार 200 रुपया पंजाब में अकाल के लिए रखा है । पंजाब में अकाल के लिए गुंजाइश क्यों हो गई । पंजाब में अकाल की गुंजाइश क्यों ? पंजाब में तो अकाल की गुन्जाइश है नहीं । इतनी रकम के रखने की जरूरत क्यों । इसके बारे में भी सरकार के पास कोई उत्तर नहीं है ।

हमने उत्तर प्रदेश के बजट को अक्सर देखा है, बिहार के बजट को देखा है, राजस्थान के बजट को देखा है, कोई भी बजट नहीं होगा जहां कि उस बजट में हरिजनों के बारे में काफी रकम न हो, मगर इस सरकार से मैं पूछना चाहता हूं जो कि अपने को समाजिक न्याय वाली सरकार तोता रटंत की तरह कहती है कि तुमने हरिजनोत्थान के लिए कितनी रकम रखी, तुमने बच्चों की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के लिए कितनी रकम रखी तुमने वहां हरिजनों के मकान के लिए कितनी रकम रखी । तुमने वहां जमीन के बटवारे के लिए कितनी रकम रखी, तुमने स्वायल कंजरवेशन के लिए कितनी रकम रखी, तुमने छोटे उद्योग धंधे के लिए कितनी रकम रखी ।

श्री शीलभद्र याजी : तुम-तुम किसको कह रहे हो । चेयर को कह रहे हो ।

श्री राजनारायण : तुम सरकार के लिए कह रहा हूं । चेयर को तो आप कहा जाता है । और तुम तो ईश्वर को कहा जाता है, खुदा को कहा जाता है, हमारे तुम का मतलब सरकार से है ।

तो, श्रीमन्, मैं बहुत ही अदब के साथ यह

कहना चाहता हूं कि बजट वह दर्पण है जिस दर्पण में किसी सरकार का सम्पूर्ण चित्र प्रदर्शित होता है, तो इस बजट में सरकार का सम्पूर्ण चित्र देखा जाय, तो सरकार का सम्पूर्ण चित्र कैसा दिखाई देगा। दिखाई देगा कि कोई अपनी नाक खुजला रहा है, कोई अपना कपार खुजला रहा है, कोई गर्दन पकड़े हुये है कोई पांव पकड़े हुये है, सम्पूर्ण शरीर कोई देख ही नहीं पा रहा है। तो मैं चाहता हूं कि इसमें सम्पूर्ण शरीर परिलक्षित हो और वह सम्पूर्ण शरीर समाजवाद, जनतंत्र का हो। ऐसा बजट यहां पर आये। इस दृष्टि से यदि हम इस बजट को देखते हैं तो यह कितना नाकाफी है, कितना उल्टा है। कितना पीछे-देखू है? इसलिए इस बजट को इस संसद द्वारा, राज्य सभा के द्वारा, पास कराने नहीं दें। ऐसा करना अनुचित होगा, अजनतंत्रीय होगा। मेरे मित्र अगर पीछे-देखू का अर्थ न समझें तो कैसे समझाऊं? इस अवसर पर श्री के० सी० पन्त यहां से चले गए . . .

श्री उपसभापति : आप खत्म कीजिए अपना भाषण।

श्री राजनारायण : श्री पन्त चले गए, हां उनका विषय नहीं है। उन्होंने जब यहां पंजाब के बारे में प्रेसीडेन्ट के प्रोक्लेमेशन को रखा तो उस पर चर्चा की तो दूसरे सम्मानित सदस्यों ने भी चर्चा की आखिर राज्य सभा में या संसद में ऐसे बजट को आने की जरूरत क्या थी? एक राज्य के लिए ससद बजट पास क्यों करे? इस पर बोलते हुये श्री के० सी० पन्त ने सरकार की ओर से एक सफायी दी, एक तर्क दिया कि दलबदल हो रहे थे और दलबदल के लिए उन्होंने कोशिश की कि विरोधी पक्ष को दोषी ठहराया जाए। मैं आपके द्वारा दीक्षित जी से कहना चाहूंगा, वह उम्र में हमसे बड़े हैं, उनका अनुभव ज्यादा अच्छा होगा, मैं उनसे जानना चाहूंगा, दलबदल की प्रवृत्ति कहां से शुरू हुई—किसने इसके लिये उकसाया? श्रीमन्, मैं चाहता हूं कि सदन के सम्मानित सदस्य इस बात को अच्छी तरह से हृदयंगम कर लें कि 1948 में कांग्रेस को हम लोगों ने छोड़ा, महात्मा गांधी की हत्या के बाद जब कांग्रेस पूंजीपतियों की चेरी हो गई, पूंजीपतियों के पालने में सोने लगी, उन्होंने किसान और मजदूर की लड़ाई लड़ना बंद कर दिया, तो हमने फैसला किया कि इस प्रतिक्रियावादी कांग्रेस को छोड़ो और समाजवाद की धारा को प्रवाहित करने के लिये आगे बढ़ो . . .

श्री गुरमुख सिंह मुसाफिर (पंजाब) : तो पहले दलबदल आपने की - इसका मतलब यह हुआ।

श्री राजनारायण : हमारे मित्र सरदार साहब, मुझे नहीं मालूम क्यों आज शीलभद्र याजी बनना चाहते हैं . . .

श्री शीलभद्र याजी : आपको दुरुस्त करने के लिए।

श्री राजनारायण : मैं उनसे कहना चाहता हूं, जरा इस बात को देखें कि हम लोगों ने जो 72 के करीब थे उत्तर प्रदेश विधान के सदस्यों में, एक साथ हस्ताक्षर किया मगर जब असेम्बली के मेम्बरों से इस्तीफे का फैसला हमने लिया, क्योंकि उस समय चर्चा चल रही थी कि हम असेम्बली नहीं छोड़ेंगे तो आचार्य नरेन्द्र देव ने फैसला किया, नहीं हम असेम्बली छोड़ेंगे और हम फिर से चुनाव लड़ेंगे, अपने टिकट से चुनाव लड़ेंगे। अगर हम पार्टी छोड़ रहे है तो कांग्रेस के टिकट का भी तिरस्कार करेंगे और जब असेम्बली समाप्त हुई तो केवल 12 आए, जब कि दस्तखत हुए 72 के। उस समय दस्तखत करने वालों में पं० कमलापति त्रिपाठी भी थे, जब उनको बुलाने गए, आओ-आओ घर से तो वह निकले ही नहीं। तो आचार्य नरेन्द्र देव जी और 11 दूसरे लोग कांग्रेस से अलग होने के बाद विधान सभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिए और मैं आज बताना चाहूंगा, वह सब

[श्री राजनारायण]

चुनाव लड़े थे, चुनाव में हारे भी। किसी एक मनचले ने कहा : आचार्य जी बड़ी दुखद हार हुई, तो आचार्य जी ने कहा तुम्हारे लिए तो दुखद होगा, हमारे लिए सुखद होगी, अगर मैं नहीं हारता तो हारने वाले को ढांढस कौन देता, जनतंत्र हारने वालों की दृढ़ता पर चलता है, जनतत्र सब्र पर चलता है। अगर हारने वाला उत्तेजित हो जाया करे, अगर हारने वाला घबड़ा जाए तो जनतन्त्र की महिमा गरिमा नष्ट हो जाती है। जनतन्त्र में हार जीत होती रहती है। यह लफंगई का इजहार होता है—हार गए, हार गए—कोई तमाशा है क्या ? यानी, जरा देखा जाय कि कितनी नाजायज हरकतों का इस्तेमाल करके जो दल चुनाव जीतता है, वह भी दूसरे की हार पर खुशी मनाता है। उनको कहना चाहते थे कि जनतन्त्र में हारने वालों की सहनशीलता, उदारता और जनतंत्रीय पद्धति और प्रणाली को मजबूती मिलती है। मैं चाहता हूं कि इस निष्कर्ष को हमारे वे लोग जो हलके तरीके से सदन में बात करते हैं अच्छी तरह से समझें। (इन्टरप्शन्स) श्री याजी ठीक बात कहते हैं। जब चर्चा हो गई है तो सफाई के साथ किसी न्यायालय में जाए, किसी जज को बिठलायें। आज सारे देश में शोर मचा है मत पत्रों में रसायन का प्रयोग किया गया और जनता इसी भ्रम में पड़ी हुई है कि यह बात सही है या गलत है। आज मैं कहने को तैयार हूं।

यहां पर एक मुकदमा चल रहा है श्री शशि भूषण को किसी वकील ने बतला दिया है कि अगर किसी वोटर के नाम से दाखिल करोगे तो अच्छा रहेगा और अपने नाम से करोगे तो फंस जाओगे। अगर वे बलराज मधोक को झूठा साबित करना चाहते हैं तो वे स्वयं दाखिल करें।

तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि अगर शशि भूषण अपने नाम से मुकदमा दाखिल करें तो फिर मामला हल होता है या नहीं। यह मालूम हो जायेगा उन्हें अपने नाम से मुकदमा दाखिल करने की हिम्मत नहीं है।

श्री उपसभापति : अब आप समाप्त कीजिए। 20 मिनट से ज्यादा हो गए हैं।

श्री राजनारायण : मैं तीन मिनट में समाप्त कर दूंगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि सत्ताधारी दल को यह देखना चाहिए कि आज उसकी चमड़ी कितनी मोटी हो गई है। वे लोग नाजायज धन सम्भालते हैं, पैसा बटोरते हैं और पद का लालच देते हैं, लोभ देते हैं। पंजाब के एक सरकार को गिराया जाता है और यहां पर लोग हंसते हैं। आज इन लोगों की छाती फूल रही है कि पंजाब की सरकार खत्म हो गई है।

यह सरकार जो यह कहती है कि हम इस देश में से भ्रष्टाचार समाप्त कर देंगे, सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार यह है और यही सारे देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। मैं आपके द्वारा माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि आज जितनी केन्द्रीय सरकार भ्रष्टाचारी है उतनी कोई नहीं है। जो भ्रष्टाचार की गौरव हैं प्रधान मंत्री और मैं अब भी दावे के साथ कहता हूं कि श्री ललित नारायण मिश्र के सम्बन्ध में राज्य सरकार ने एक जांच कमिशन बिठलाया है। उस कमिशन से इस सरकार ने सारी फाइलें मगा ली हैं। केन्द्र सरकार के इशारे पर रोज राज्य पाल को टेलीफोन होता है कि यह मामला चालू नहीं होना चाहिए। वहा के विधान सभा में मुख्य मंत्री जी ने दो दिन पहले कहा कि इस सबब में फाइलें मंगाई गईं। तो इस दल की सरकार जो आज पापपूर्ण कार्यों में डूबी हुई है वह कहती है दूसरे दल वालों से कि वे भ्रष्टाचारी हैं। इस सरकार ने तो भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर दिया है। कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस सरकारें और केन्द्र की सरकार इस काम में सबसे आगे है। जहां प्रशासन में भ्रष्टाचार की सरिता निकलती है उस

प्रशासन की गंगोत्री केन्द्रीय सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इसलिए आज हर जगह पर भ्रष्टाचार हो गया है। जब ऊपर से भ्रष्टाचार की धारा नीचे को चलेगी तो तेज रफ्तार रहेगी और जब नीचे से ऊपर चलेगी तो फिर रफ्तार कमजोर रहेगी। इसलिए मैं इस बजट को जनहित विरोधी, पंजाब की जनता के हक में न जाने वाला पंजाब की जनता के हितों पर कुठाराघात करने वाला, पंजाब की जनता की जनतंत्रीय और मौलिक अधिकारों को छीनने वाला बजट है, इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं और सदन से अपील करता हूँ कि हरगिज इस को पास न होने दे।

4 P.M.

श्री सुलतान सिंह : उपसभापति महोदय, यह पंजाब का बजट जो सदन के सामने मन्त्री महोदय ने पेश किया है इसके अन्दर मैं चाहता हूं कि जितने मल्टी परपज प्रोजेक्ट्स हैं उनके पूरा करने की तरफ ध्यान दिया जाये। इंडस वाटर ट्रीटी खत्म होने के बाद भी हिन्दुस्तान का पानी पाकिस्तान के अन्दर जाता है। उस का कारण यह है कि हम पोंग डैम मुकम्मल नहीं कर पाये और इसी तरीके से हमने अभी तक थीम डैम को शुरू नहीं किया। पंजाब का किसान जो हिन्दुस्तान के अन्दर सबसे ज्यादा गेहूं पैदा करता है वह बिजली के बगैर तड़पता है, कई कई घंटे बिजली बन्द रहती है, कई कई दिन उसका ट्यूबवैल नहीं चलता है। तो एक तरफ हमारा किसान सफर कर रहा है और दूसरी तरफ देश की जो बेहतरीन दौलत है पानी वह पाकिस्तान के अन्दर जा रहा है। तो मैं आपकी मार्फत सरकार से अर्ज करता हूं कि मल्टी परपज रीवर प्रोजेक्ट्स के लिये ज्यादा से ज्यादा रुपया रखा जाना चाहिए था ताकि पोंग डैम को मुकम्मल करके हम ज्यादा बिजली पैदा करते जिससे पंजाब के किसान और पंजाब के कारखानेदार ज्यादा प्रोडक्शन बढ़ाते और देश का बेहतरीन पानी पाकिस्तान के अन्दर नहीं जाता।

दूसरे मैं आप की मार्फत सरकार से यह भी दरख्वास्त करता हूँ कि हमें खुशी नहीं है यह बजट यहां पर डिसकस करने में क्योंकि यह काम पंजाब असेम्बली का था। लेकिन दुर्भाग्य से पंजाब के अन्दर दो फिरका परस्त पार्टियों ने जन संघ और अकाली दल ने, ऐसी हालत वहां पर पैदा कर दी कि आज यह बजट यहां पेश करना पड़ा। पंजाब की यह बड़ी बदकिस्मती रही है कि वहां दो राजनैतिक पार्टियां जनता को हमेशा लड़ाती रहीं। (व्यवधान) जन संघ हिन्दी भाषा का नारा देता रहा और अकाली दल पंजाबी भाषा का नारा देता रहा और इस तरह ये दोनों पार्टियां वहां के लोगों को लड़ाती रहीं। 1967 के बाद जब जन संघ और अकाली दल के रिश्ते गहरे हो गये तो हम को यह आशा बन्धी थी कि दोनों पार्टियां वहां की जनता को जो भड़काती थीं और लड़ाती थीं वह अब नहीं होगा। जन संघ के लोग संत फतेह सिंह के चरणों में जाकर गिरे थे और उनसे कहा था कि आप तो अवतार हैं, पंजाब में रहने वाले हर हिन्दू की जबान पंजाबी है, आप हम को वजीर बना दो। इस तरह कुछ दिनों तक उनके आपस में रिश्ते चले लेकिन आखिर में वह रिश्ता कुर्सियों के पीछे फिर टूट गया। और वे अलग अलग हो गये। उसके बाद एक डिफेक्शन की लहर चली। हमारे दोस्त राज-नारायण जी ने कहा कि डिफेक्शन की लहर हिन्दुस्तान में कांग्रेस ने चलाई। मैं बताना चाहता हूं कि सब से पहले हिन्दुस्तान में डिफेक्शन राव वीरेन्द्र सिंह जी ने शुरू किया जिनको मुख्य मन्त्री जन संघ ने और दूसरी अपोजीशन पार्टियों ने माना। उसके बाद डिफेक्शन उत्तर प्रदेश में हुआ। मैं यह जानना चाहता हूं कि चौधरी चरण सिंह को राज-नारायण जी की पार्टी ने मुख्य मन्त्री माना या नहीं माना, जन संघ की पार्टी ने उनको मुख्य मन्त्री माना या नहीं माना। उसके बाद डिफेक्शन मध्य प्रदेश में हुआ . . .

श्री राजनारायण : श्रीमन्, आन ए प्वाइन्ट आफ आर्डर। मैं आप के द्वारा यह कहना चाहता हूं कि इस सदन में असत्य कहना वर्जित है। मैं चाहता हूं कि यह नियम माननीय सदस्य जान लें कि इस सदन में असत्य भाषण नहीं होना चाहिए। सबसे पहले 1954 में मलखान सिंह को डिफेक्ट कराया गया अलीगढ़ में जो कि हमारे दल से चुने गये थे। उसके बाद डिफेक्ट कराया गया गेंदा सिंह जी को उस के बाद डिफेक्ट कराया गया अशोक मेहता जी को। उसके बाद डिफेक्ट कराया गया थानू पिल्ले जी को और यह सरिता बहाई है जवाहरलाल जी ने। और अब डिफेक्शन का समुद्र बहा रही हैं जवाहर लाल जी की बेटी श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी।

श्री उपसभापति : ठीक है, अब आप बैठिये।

श्री सुलतान सिंह : यह डिफेक्शन्स की लहर हमारे दोस्तों ने देश में चलायी है और खुला एलान किया कि कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर जो आय उसको हम मुख्य मन्त्री बना देंग और उसके बाद ही यह लहर चली।

श्री राजनारायण : सत्ता को छोड़ कर आये तो क्रान्ति और विरोध को छोड़ कर जाये तो अवसरवाद।

श्री उपसभापति : आप बैठिये।

श्री राजनारायण : जरा हमको समझाने दीजिए। जो लालच से सत्ता में जायेगा वह अवसरवादी होगा।

श्री उपसभापति : आप की परिभाषा वह जानना नहीं चाहते।

श्री सुलतान सिंह : जब यह लहर चली तो पंजाब में ऐसी हालत फिर पैदा हुई और अकाली दोस्त मिनिस्ट्री को छोड़ छोड़ कर बाहर आये। एक अकाली दल के दो अकाली दल बन गये और जनसंघी अपने पुराने नेता गुरनाम सिंह की तरफ देखने लगे और कभी सन्त फतेह सिंह की तरफ देखने लगे। मैं यह मानता हूं कि गवर्नर साहब ने जल्दबाजी की। मैं यह मानता हूं कि गवर्नर साहब को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी राष्ट्रपति के सामने, लेकिन पंजाब में जो राष्ट्रपति राज हुआ, वह करके वहां के गवर्नर ने वहां की जनता की बड़ी खिदमत की है। मैं नहीं चाहता था कि यह बजट इस हाउस में डिस्कस हो। यह प्रजातन्त्र का दुर्भाग्य है कि वहां की असेम्बली जिस काम को करती उस को हम इस हाउस में कर रहे हैं लेकिन जो हालात बन गये थे उनमें इस को कोई रोक नहीं सकता था। तो मैं आप की मार्फत सरकार से प्रार्थना करता हूं कि यहां इस हाउस के अन्दर एक पंजाब रिआर्गनाइजेशन ऐक्ट पास हुआ था जिस में पंजाब और हरियाणा के लिये अलग अलग प्रदेश बने थे। उस रिआर्गनाइजेशन ऐक्ट की तहत कुछ फैसले हुए थे उनमें एक यह था कि पंजाब के अन्दर जितने नहरों के हेड वर्क्स हैं, उन पर भारत की सरकार का कंट्रोल होगा और पानी का बटवारा भारत की सरकार करेगी। लेकिन हरी का पत्तन, रोपड़ हैडवर्क्स आज भी जो हैं उन पर पंजाब की सरकार का कब्जा है। अब तो पंजाब में अकाली राज नहीं है। अब वहां आप का राज है और जो रिआर्गनाइजेशन ऐक्ट यहां पास हुआ है मैं चाहता हूं कि आज आप उस रिआर्गनाइजेशन ऐक्ट को इम्प्लीमेंट करें। उसके साथ साथ मैं एक और अर्ज करना चाहता हूं कि फाजिलका और अबोहर के बारे में फैसला भारत सरकार ने किया था। भारत सरकार के फैसले के बाद फाजिलका और अबोहर के लोगों को अकालियों ने इतनी बुरी तरह से रौंदा कि उन्होंने वहां के सारे विकास के काम बन्द कर दिये। वहां के बिजली के खम्भे उखाड़ दिये, तार तक काट दिए गये और वहां दो साल के अन्दर फाजिलका के लोगों के लिए कोई विकास का काम नहीं हुआ। मैं चाहता था कि आज राष्ट्रपति शासन के अन्दर

सरकार उस फाजिलका और अबोहर के पिछड़े हुए लोगों की तरफ खास तवज्जेह दे । मैंने जब बजट को पढ़ा तो मुझे बड़ा सदमा हुआ कि एक तरफ चंडीगढ़, जो पंजाब में जाना है, उस के लिए भारत सरकार 10 करोड़ रुपया, उस के विकास के लिए खर्च करती है और फाजिलका और अबोहर, जो पंजाब से हरियाणा को आना है, उस पर एक कौड़ी भी खर्च नहीं होती है । तो एक तरह से चंडीगढ़ को . . .

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON : Sir, on a point of order. It is a well-accepted thing that this House should not be utilised to fan regional animosities and communal passions. Now, the hon. Member, speaking in the name of Punjab, is trying to fan anti Punjabi feelings in this House among the Haryana people. Is it correct ?

SHRI SULTAN SINGH : I am speaking on Punjab.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please continue your speech.

श्री सुलतान सिंह : तो जनाब मैं आपसे दरख्वास्त कर रहा था कि फाजिलका अबोहर का इलाका जो कि भारत सरकार के एवार्ड के तहत हरियाणा को आना है उसके अन्दर कोई विकास का काम होता नहीं और चंडीगढ़ जो कि पंजाब को जाना है उसके विकास के लिए 10 करोड़ रुपया हर साल खर्च किया जा रहा है । मैं समझता हूं कि यह उस इलाके के साथ बड़ी जबरदस्ती है, मैं हरियाणा के लोगों के साथ नहीं कहता बल्कि यह कहता हूं कि उस इलाके के लोगों के साथ इनकी ज्यादती है । इसके साथ साथ यह है कि वहां की जबान हिन्दी है और वहां के लोगों को अपनी जबान के माध्यम से पढ़ने की, अपनी जबान के माध्यम को चुनने की, इजाजत नहीं है, उनपर जबरदस्ती पंजाबी थोपी गई है । मैं आपसे दरख्वास्त करता हूं कि आज गुरनाम सिंह की सरकार नहीं है, आज बादल की सरकार नहीं है, आज सत फतेहसिंह की नहीं चलती तो कम से कम आपको यह चाहिए कि ऐसा करें कि लोग अपनी भाषा के माध्यम को चुन सकें ।

इसके साथ साथ मेरी एक दरख्वास्त और है और वह यह है कि मैं नहीं चाहता कि वहां पर हम राष्ट्रपति शासन लम्बे अर्से के लिए रखें तो मेरी आपके मार्फत यह दरख्वास्त है कि पंजाब की जनता को जल्दी से जल्दी अपनी असेम्बली चुनने का अख्तियार देना चाहिये और वहां पर चुनाव अक्टूबर या नवम्बर के अन्दर अन्दर जरूर हो जाना चाहिए । जब मैं पढ़ता हूं कि चुनाव फरवरी में होंगे तो मैं समझता हूं कि पंजाब की जनता के साथ यह बड़ी ज्यादती है ।

इसके अलावा एक चीज मैं और आपसे कहना चाहता हूं और वह यह है कि आज पंजाब तीन नये पैसे युनिट के हिसाब से बिजली दिल्ली को डी०एस०यू० को देती है और वही डी०एस०यू० वह बिजली उत्तर प्रदेश को 9 पैसे यूनिट के हिसाब से देती है । तो डी०एस० यू० रकम बनाती जा रही है, दिल्ली के लोग पैसे कमाते हैं और उस पंजाब में जिसने कि बिजली पैदा की – इसमें पंजाब और हरियाणा दोनों शामिल हैं – जिसने सारे हिन्दुस्तान में इतना बड़ा प्राजेक्ट खड़ा किया वहां पर किसान बिजली के लिए तरसता है । तो मेरी आपकी मार्फत भारत सरकार से प्रार्थना है कि जिस तरह से पंजाब हरियाणा के अन्दर बिजली में कट लगा है उसी तरह से दिल्ली में भी कट लगना चाहिये ताकि मन्त्रियों को पता तो लगे कि बिजली के बगैर कितनी दिक्कत होती है ।

तो इन शब्दों के साथ मेरी खास तौर पर दरख्वास्त है कि फाजिलका अबोहर के विकास के लिए किया जाय, बच्चों की पढ़ाई के माध्यम को, इसके फैसले को, उनके वालदेन पर छोड़ा जाय, इसका फैसला उनके माता पिता को करने दीजिये । साथ साथ जो रिवर प्राजेक्ट हैं उन पर ज्यादा से ज्यादा पैसा रखिए और जो हेड-वर्क्स हैं उनपर अपना कब्जा करिये । और खुदा के वास्ते जनसंघी और अकालियों से जो सारी

[श्री सुलतान सिंह]

जिन्दगी पंजाब को लड़ाते रहे इनसे जो अब छुटकारा मिला है तो जल्दी से जल्दी चुनाव करा दीजिए ताकि इनकी छुट्टी सदा के लिए वहां से हो जाय। धन्यवाद।

(Shri Bhupesh Gupta stood up)

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You want to speak ?

SHRI BHUPFSH GUPTA : I thought I would like to. What do yon want me to do ?

MR. DEPUTY CHARIMAN : You can speak on the Appropriation Bill.

SHRI BHUPESH GUPTA : That is all right. Let me speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : It is quarter past tour now. I shall call the Minister.

SHRI BHUPESH GUPTA : Do not get upset by it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : 1 do not know, normally we sit up to six, we may have to sit beyond six.

SHRIMATI PURABI MUKHOPA-DHYAY (West Bengal) : Sir, I am on a point of order. In the Business Advisory Committee there are Members of different parties. May I know from the Members why, if they thought that this Punjab Budget was such an imprortant thing, they did not in that meeting ask for time so that they can continue to speak for hours and hours together ? What is the utility of having a Business Advisory Committee here and what is the sanctity of any time allocated by the Business Advisory Committee if we are ready to break all the rulei ? Then you need not have to invite any Business Advisory Committee meeting in future.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं श्रीमती मुखर्जी की सलाह से सहमत हूं। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी को खत्म कर दिया जाना चाहिये। यह तो गला घोटू कमेटी हो गई है।

श्री महेश्वर नाथ कौल : यू० पी० में यह नाम है।

श्री राजनारायण : हमने ही यह नाम वहां रखा था। इसको गिलोटिन कमेटी मत बनाइये। इसीलिये हम इस कमेटी में कभी गये ही नहीं।

SHRI BHUPESH GUPTA : Our friend, Shrimati Purahi Mukherjee, is slightly late in this matter. She is always la[f]e but she specially late in this matter because already we have exceeded the time, and the so-called recommendation of the Business Advisory Committee has long been buried. Now we are in the midst of a new decision which has been evolved in the House through your co-operation, Mr. Deputy Chairman. Now, not a tear will be shed that the communal and reactionary Badal Ministry has fallen in Punjab. I do not think that even the broad masses who supported that Ministry would be very sorry that it is no longer in existence The record of this Ministry is one which can only cause shame, '· disappointment, sorrow, anger and revulsion among the people. What will happen to Punjab we do not know. The President's rule has to go some time or the other, the sooner the better. But unless the democratic and the left forces in Punjab could come together and build up a new fighting front, basing themselves on the demands of the agricultural labourers, the Harijans, the industrial workers and the urban poor, I do not s.'e any future for Punjab. It will be a sort of arrangement between tweedledum and tweedledee, depending upon who gets the upper hand in organising defections or any other political manipulations. Therefore, the moral of Punjab politics is this that the political centre of gravity must shift, to the villagers and the industrial workers, whatever they are, in order to build up a truly left-oriented mass movement, so that it can take its place in the political life of Punjab.

Now, Sir, I would make certain suggestions for tne Governor or the Governor's regime to consider. I hope that as many of them as possible will be implemented. I think everyone of them can be implemented. First of all, I must point out to this House jthat there are many loopholes in the existing

lard laws in Punjab and they have been deliberately keit by the successive Ministries that came into existence It is necessary to plug all these ioopholes and withdraw, in particular, the exemptions from the ceilings fixed for the landlords. These exemptions have become a source of subversion of the ceiling law as a whole. The ceiling law has been made nonsense on account of these exemptions which have enabled the landlord class to retain large areas of land concentrated in their hands. So the exemptions must go.

Then, Sir, Government and other employees in Punjab have many grievances and they come up again and again in the form of agitations and otherwise. 1 think these grievances should be seriously looked into with sympathy and consideration. There should be an inquiry into the charges against the ex-Ministers and Class 1 officers. Punjab has been a cockpit of corruption under the Akali rule ; nepotism and favouritism literally ran riot and there were no norms which were observed in the matter of public policy or administration. 1 think this matter has to be seriously gone into.

As far as land laws are concerned—I again revert to them—the Punjab Security of Land Tenures Act of 1953 should be repealed. This has proved harmful. And similarly, the loopholes in the Pepsu Tenancy Act of 19 >5 should be plugged by a radical amendment of that Act. Government waste lands should be distributed among the agricultural workers and poor peasants, especially the Harijans. in Punjab. Punjab politics have been dominated by certain sections of the rural rich who have some time supported the Congress politicians and very often the Akali politicians Therefore, ever from a political and social angle, it is necessary to see that the land is redistributed, especially amongst the agricultural labourers. Poor, who are in cultivating occupation of evacuee land, should be granted ownership on payment of nominal charges. That, again, is very importent. Surplus land, including those vacated by the officers and other rich persons, should be distributed among the Harijans as early as possible. The Birla farm lease was cencelled. The decision to that effect should be implemented.

The suboninate services and the roadways workers have many grievances in respect of interim relief, bonus, romoval of anomalies in their pay scales. They have also complamed of indiscrimination and vindictiveness towards them. These complaints should be carefully gone into and the Governor should set the record straight.

The Akali Government followed a policy of communalism, favouritism and nepotism in the matter of appointments. Now that the Akalis are out of office, the Government should re-examine all the necessary files and papers and remove all traces of corruption, nepotism and favouritism indulged in by the discredited Akali Ministry.

Effective steps should be taken to curb crime. In Punjab the policemen are guilty of committing crime. They freely commit, murders, freely raid homes and do all kinds of things. They commit many illegal acts. Who is going to control the uncontrolled Punjab police ? Now that Punjab is under the Central rule, somebody in the Central Government should wake up and see that this police is tamed a little so that it becomes human and civilised in behaviour.

Under the Akali rule the Harijans were the special victims in the hands of their rulers. Enquiry should be ordered into all these allegations of victimisation of the Harijans. Even now Harijans are socially boycotted. I think this is illegal also. Attack on Harijans should be a cognizable offence and those practising untouchability should be given deterrent punishment as a matter of social policy.

Increase in minimum wages is substantially called for not only for the various industrial workeis but also for agricultural workers. That should be one. A number of mills and factories are closed in the Punjab today. They should be reopend. The mill like the Hindustan Embroidery Mill of Amritsar should be taken over by the Government because this has been closed for a number of months causing great hardship to the workers. Meanwhile the industrial workers should be given some relief to relieve them of their suffering as far as possible. The housing scheme for the industrial workers suggested by some people should be finalised and implemented. Recently, Sir, under the Badal Ministry the medical colleges increased their fee. This increase in fees should be cancelled and the old position restored. Drinking water and irrigation facilities should be made available in submountanous areas.

[Shri Bhupesh Oupla]

Finally, Sir, a number of cases of workers are pending. The'e cases arose out of agitation of the agricultural workers, industrial workers, government employees and other sections of the toiling people. These cases should be withdrawn. These are some of the concrete suggestions that I have made for the Government to consider.

Before I sit down, just one or two words. . .

SHRI ARJUN ARORA (Uttar Pradesh) Only ore or two ?

SHRI BHUPESH GUPTA : One or two not in the literal sense. ! am aware she is taking down notes. I am glad I can pass on my notes to her. . ,

SHRIMATI SUSH1LA ROHATGI : I am always alert during your speech.

SHRI BHUPESH GUPTA : Much has been said about the President's Rule. U n fort una ely. President's rule had to come. Tie Governor has dissolved the Assembly. We cannot hang in the air. Fither ilere is an Assembly ard normal rule in the State or there is President's rule. There is no *via media.* So, President's rule has to come whether you like it or not 11 e point is, what use you make of the President's rule We can use it for all kinds of nefarious purposes cr we can use it for doirg serrethirg good, at least to purify scire aspects of Punjab administration and pi Hie life. I have m\ doubts about what this Government will do. As you know very well, they are not interested in this. .They do not even want to listen to what we have to say. That is why they bring this BM and want to push it thiough without even a discussion, if possible.

Now, as far as the Governors are concerned, n,y friend Mr. Pant, referred to this ques ion He is not here now. I am sorry that l.e is toing to imitate his father in some respects without having either the maturity of his age or the gift of mature age. But all the same, he is trying to do it, and it is good sometime;, that he should do it. /Sow, as far as the Governors are concerned, many ptopJe demand that this institution should be abolished. It is an absolutely useless, repulsive, expensive, ridiculous institution that we are maintaining, an institution of super-annua'ed roliti-chns or ICS officials who after retirement must be provided some position ; he:ice the doors of the Raj Bhavan must be kept perpetually open for them. I think this post should be abolished. Why maintain this post ? What are they ? I can understand if you want some show. But what useful function are they fulfilling? If they have only to sign some papers, well, we can work out some machanism to deal with such things.

SHRI ARJUN ARORA : Are you advocating elected Governors ?

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra) : Install a computer for signing.

SHRI BHUPESH GUPTA : You can abolish this post to begin with. Why do you need Governors at all ? The States can have their own arrangements to hand e such matters Formalities can be dore by other agencies which we can create. The Speaker, for example, can sign the final Bill and then it can become law. The Governors should not be there. First of all it is expensive Senondly, it is os'.entatious. Third.y, it is a source of political corruption. Fourthly, it is a receptacle for all discredited politicians and ifficials. Sir. I think the Congress Puny has to take it up serious y tl at no ICS officer after retirement should be made a Governor. It is an insult to our parhamen-taiy system. A Governor bccot.es the head, in a limied sphere, ol a parliamentary institution, when belorc retuen tr.t he was under the legislatuie. Besides, it is also veiy wrong otherwise I need not go into that. Therefore, Sir, this post should be abolished. It has bio me an ageney sometimes of the intelligence Department, sometimes of the Home Ministry, sometimes of warring groups of politicians, sometimes of families, sometimes of business concerns ; I do not know what they are. What the :moody Governors will do, nobody knows. ; How they will behave, nobody knows, because we have not even laid down proper norms of behaviour fo.' them. And we are told that the Governors will decide as to jwhat should be their function and ho.* thoy 1 will behave. Sir, il is like asking delinquent

chi'dren in the reformatory school to lay down rules for their behaviour. It is like asking the bandi s to lay down their ru es or norms.

It ˙s like askir g tie corrupt people to lay down rules for proper behaviour. I am not saying that the Governors are necessarily corrupt. But yo i cannot ask them to make rules. They are u> fit to do so. They will like to hang on to their position. They have developed such l fascination for this post that they cannot overcome it at all So, 1 think we should seriously consider this matter

As far as defection is concerned, Sir, a Bill should be buught Why is the Govern rr.ent not bringing this Bill ? 1 cannot understand. A CO nmittee was formed with a lot of fanfare. E\ery party had representation on that committee to represent the party's point of view. And the cemmittee came to certain unanimous conclusions also. Let the n be implemented. When a'.l the parties on the Committee agreed— there were also men like Shri Ja>a-prakash Narayan ind others on the Committee—what is the I itch in fringing forward that measure ? What is the reason for dealyin^ that matter ? I say it is being deaved because the Cenral Government does noʳ like the »ize of the Ministry at the Centre to be curbed. The size of the Ministry should not e>ceed 10 per cent of t: e membership of the Legislature. That was the recommendation. Mr. Chavan sad, "No, it should nut apply in the case of the Certre because we are more Ten per cent is too sn all a proportion for us." For Assam he was ready, for Rajasthan he was ready, but when it came to the Centre, he wanted to have a fiee hard, at least as much leeway as possible in order to put in as many people as possible in (he Council of Ministers. I have no quariel with individual Ministers as such who belong to the Council of Mmhteis. but why should it be like that ? The Cenue should set an example and say, we will have 10 per cent. Why cannot they do it 7 What is the diftkulty ? Some of the Ministers are utterly useless, utterly useless, if 1 may say so. I do not know what they are doing, Some are good, may be, I rom their own point of view. There is r.o pi hey direction. There is no orientation in Government's policy. You cannot just parade Ministers as a bunch of political mininisis and teil the world that social measures are giong to be taken. We do not want political minikins, I tell you very frankly. A Council of Ministers shall he based on a clear thought and policy direction which would be spelt cut in concrete terms, whether in terms of nationalisation of foreign monopoly or in terms of concrete action or in terms of measures which conform to the interests and demands of the people. But nothing of the kind do we have. Are we doing any such t ing to tell the world that we are going forward ? Tomorrow or the day after they will come with Maintenance of internal Security Bill, a shameless Bill, a shameless act on the part of the Government. We sliall come to that, But this is how the Government is behaving. Three months have passed after the election, March, April, May and June, nearly four months. How much is 'here to our credit ? Nothing at all. Nationalisation of insurance shou.d have been done twenty years ago. The Government was committed to it ten years ago and it has been done now. What about amendment of the Constitution ? Nothing of the kind has been done. Nothing of the kind is being done. Therefore, you do not need a Ministerial parade. All J say is the number can be reduced very easily. J understand, Sir, you are happy because the wages of certain institutions under the canopy are going to be increased. If I were in such a position I would have been happy too. You see what they ha\e done. They have doje many things contrary to the mandate of the election. Again and again we shall den.and, again and again I shall tell this Government, well, they may think today that ti.ey tan get away liki that, but the people will not allow them. It does not tase **tne** reople long to realise that once tne mandate is violated, the Government has to be dealt wnh accoidingly. 1 do not want anybody, to be dealt wiih harshly. But how is it that the first part oi the budget Session is coming to an eiid now and we have not a single matter wnicn we can present to the nation as something solid, something radica , something in accordance with the spirit of the eicc.o.al mandate *!* On the contra y, this Government ij insulting this House by pioducmg oeioie us the Maintenance of Internal oceuri.y bill, wed, this is the way ol political treacnery. 1 s-y so ; and I think the Ciovernmeiu snouid oe ihoioughly condemned on uiai accou.it. 1 can say many tilings ajout ru.ijab. 1 Have to speak because 1 must maice eerwiu

[Shri Bhupesh Gupta]

suggestions. I do not have any hope that tl is Government will do any such thing. Once again I condemn the attitude of this Government. I do hope that the Government would realise that they have to speak in the language o*f* action, not in the mere eloquence of certain speeches here and there. Certainly they have to project an image not by sending Ministers abroad throughout the world but by doing something solid at home. Uiiless you ate strong at home, doing something concrete at home, people will not take you seriously. We are making our Ministers a laughing stock. I am told that tomorrow morning some Ministers will be going around the world to tell the vorld that Pakistan is killing democracy. But tomorrow in this very House they shall biing a Bill and have it passed, thus paiticipating in this slaughter of democracy. . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You can say all this tomorrow.

SHRI BHUPESH GUPTA : Now you are also impatient. . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : When that BilJ comes you can speak. . .

SHRI BHUPESH GUPTA : You have spoken for ten minutes. You have taken ten minutes . . .

MR. DEPUTY CHARMAN : Please sit down. I have called Shri Tohra.

SHRI BHUPESH GUPTA : 1 will request the hon. Minister through you to convey my suggestions to the Punjab Governor and also to the Home Minister and Prime Minister who deal with Govenors and to ensure that the proposals I have made are seriously heeded and are implemented. They are capable of implementa tion here and now. 1 have nothing against Shiimati Sushila Rohatgi who has been nice to us and I hope she will continue to be so. When such bad Bills come, she should not be present here to corrupt herself politically.

सरदार गुरचरण सिंह टोहड़ा (पंजाब) : माननीय डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं जो पंजाब का बजट पेश है उसका आम तौर पर स्वागत करता हूं। वह क्यों? वह इसलिये कि कम से कम इस बजट में किसी नये कर का प्रस्ताव नहीं है जैसा कि केन्द्रीय बजट में जनता के ऊपर, गरीबी हटावो का नारा देकर भी, दो-ढाई अरब के कर लगाये गये हैं। कम से कम सरकार ने यह अच्छा ही काम किया कि पंजाब के बजट में कोई कर नहीं है। 1967 ई० का जो चुनाव हुआ था उससे लेकर 15 जून, 197। तक, थोड़े समय को छोड़कर, पंजाब में किसी न किसी रूप में अकाली दल का शासन रहा है और यहाँ बहुत से मेम्बरों ने अकाली शासन की चर्चा की लेकिन मैं हर आइटम में इनको बता देना चाहता हूं कि अकाली शासन जो है वह कांग्रेस के 20 साल के शासन से कहीं बेहतर है। किसी आइटम को आप लीजिए। यहां कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि जो इम्प्लाइज हैं, जो कर्मचारी हैं उनको इन्टरिम रिलीफ नहीं दी गई लेकिन मैं कह देना चाहता हूं कि बीस साल कांग्रेस वालों का पंजाब में राज्य रहा और और वहां क्लर्क की जो भर्ती होती थी वह 60-4-100 में होती थी और अकाली शासन में वह बढ़ कर 110-10-250 हो गई, स्कूल टीचर की जो भर्ती होती थी वह कांग्रेस राज्य में बीस साल तक 60-4-100 रही लेकिन अकाली शासन में मुझे फख्र है कि अगर किसी राज्य में कोठारी कमिशन की तमाम सिफारिशें लागू की हैं तो वह पंजाब में की हैं, अकाली शासन ने सबसे पहले उसे लागू की हैं और आज वहां टीचर की भर्ती जो है वह 125 रु० से आरम्भ होती है। यहां तक कि सेंट्रल गवर्नमेंट के जो पीयन्स है इनका ग्रेड 70-1-80 है लेकिन पंजाब में पीयन्स का ग्रेड है 70-2-80-3-95। दस साल में वह 95 रुपये में पहुंच जाते हैं। केन्द्र से कहीं बेहतर है। इसका एक जिन्दा सबूत है कि हिमाचल प्रदेश यूनियन टेरिटरी थी तो वहां के इम्प्लाइज ने आन्दोलन किया कि चूंकि आन्दोलन सेंट्रल गवर्नमेंट के

खिलाफ था तो सेंट्रल गवर्नमेंट कह रही थी कि सेंट्रल ग्रेड ले लो, लेकिन उनका जवाब था कि सेण्ट्रल ग्रेड नहीं चाहिये, पंजाब ग्रेड चाहिये। इसलिये यह जिन्दा सबूत है कि पंजाब में एम्प्लाइज से कोई बेइन्साफी बीते समय में नहीं हुई है, बल्कि पंजाब की अकाली सरकार को यह पक्ष है कि हमने एम्प्लाइज की तनख्वाहों में बहुत बढ़ोत्तरी की। सरदार प्रताप सिंह कैरों के राज के वक्त पंजाब के किसानों के ऊपर खुशहाली टैक्स लगा था, उस खुशहाली टैक्स का 29 करोड़ रु० बकाया था और कम्युनिस्ट भाइयों ने और पंजाब के किसानों ने वहां बड़ा भारी आंदोलन किया, कई किसान शहीद हुए, उन पर अत्याचार हुए और उनको जेलों में भरा गया, लेकिन कांग्रेस ने सरकार ने वह खुशहाली टैक्स नहीं छोड़ा। अकाली दल की सरकार ने जो करीब साढ़े 29 करोड़ की बकाया रकम थी, उस पर कलम फेर दी, इसके अलावा कोई नया कर नहीं लगाया। अंग्रेज के राज में और कांग्रेस के राज में जितनी सड़कें बनीं, 20 साल के कांग्रेस राज में और 100 साल के अंग्रेस के राज में, 120 साल को जमा करें तो जितनी सड़कें बनी हैं 120 साल में, पिछले 4 साल में उनसे कहीं ज्यादा सड़कें बनी पंजाब में।

हरिजनों के बारे में अभी भूपेश गुप्त जी ने कहा और बहुत से लोगों ने उनका सवाल उठाया। जो पंजाब को नहीं समझ पाते और यहां कहते हैं हरिजनों पर अत्याचार करते हैं, उनको मैं बतलाना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार की तरफ से हरिजनों के बारे में जो रिपोर्ट अभी तक छपी हैं, उन रिपोर्टों को पढ़ने से पता चलता है कि पंजाब ही ऐसा राज्य है, जहां छुआछूत सबसे कम है। पहला राज्य है पंजाब और दूसरा जहां सबसे ज्यादा है वह महात्मा गांधी का राज्य है, गुजरात और दूसरा राज्य है जहां उससे कम है छुआछूत वह है हमारे प्रधान मंत्री का सूबा उत्तर प्रदेश।

और जो पंजाब में खेत मजदूरों के वेतन की बात करते हैं, उन भाइयों को शायद किसी को पता नहीं है—मैं भी एक छोटा सा किसान हूं और मैं दावे के साथ यह बात कह सकता हूं—जितना खेत मजदूरों का वेतन पंजाब में है उतना किसी स्टेट में नहीं है और आज पंजाब में 4 रु० हैं, कहीं तो 6 रु० भी हैं—चार रुपये से छः रुपये रोज और रोटी चाय वगैरह सब किसान देता है मजदूर को। और ऐसी कोई समस्या वहां पर नहीं है। हमारे कांग्रेस वालों ने, जब उड़ीसा में गवर्नरी शासन था, तो वहां खेत मजदूरों का वेतन नियत किया था 2 रु० से ढाई रु० तक। लेकिन बातें वह पंजाब की करते हैं, जहां 6 रु० रोज खेत मजदूर लेते हैं।

इसी के साथ-साथ मैं यह कहना चाहता हूँ, यह सारा पंजाब ने अपनी हिम्मत से किया, इसमें केन्द्रीय सरकार की कोई मदद नहीं है। हमारे भाई सुलतान सिंह जी ने कहा कि बिजली की कमी है। मैं तो ऐसा देख रहा हूं कि हमने जो पिछला लोक सभा चुनाव लड़ा था, दूसरों के साथ हमारी नीतियों में ज्यादा मतभेद नहीं था और अगर ऐसा होता और गुप्त जी के मुताबिक अगर हम रिएक्शनरी होते तो हम राष्ट्रपति श्री वी० वी० गिरी को क्यों वोट देते। हमने और जो हमारे अकाली दल के दो साथी थे, उन्होंने प्रिवी पर्स के खात्मे के लिए भी अपना वोट दिया था। हमारे गुरु जी ने सिखाया है : नाम जपना वन्ड छकना — परमात्मा का नाम लेना और बांट कर खाना। हमने जो लड़ाई लड़ी पंजाब में वह इसलिये क्योंकि केन्द्रीय सरकार पंजाब के साथ बेइंसाफी करती आ रही है। मैंने यहां एक सवाल किया था कि आज तक सरकारी क्षेत्र में कितनी इंडस्ट्री लगी हैं, तो जवाब मिला 6,555 करोड़। तो मैंने पूछा था पंजाब में कितने की लगी हैं, तो जवाब मिला 32 करोड़ रु० की। अगर हम आबादी की गिनती का हिसाब लगायें तो 500-600 करोड़ के दर्मियान बनता है और 32 करोड़ की भी वह फैक्टरी है पंजाब में जिसको

[सरदार गुरचरण सिंह टोहड़ा]

कहते हैं सफेद हाथी ...(*Time bell rings*) डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं एक ही पंजाबी इस मसले पर बोल रहा हूँ। पहले जो बोले दूसरी स्टेटों के भाई थे। हमें टाइम मिलना चाहिये।

श्री उपसभापति : आपको 12 मिनट हो गये।

सरदार गुरचरण सिंह टोहड़ा : 12 मिनट नहीं, हमें 30 मिनट चाहिएं। आपने उनको टाइम दिया जो पंजाब के बारे में बोलते-बोलते इन्टर्नल सिक्योरिटी की बातें करते हैं। मैं पंजाब की बात कर रहा हूं, मैं ही एक पंजाबी मेम्बर बोल रहा हूं, मेरे कांग्रेसी भाइयों ने पंजाब की बात भी नहीं कीं, कोई हाजिर भी नहीं है।

श्री राजनारायण : बोलने दीजिये। हमारा समय इनको दे दीजिये।

श्री उपसभापति : आपने तो अपना समय खत्म करके दूसरों का भी समय खत्म कर दिया।

सरदार गुरचरण सिंह टोहड़ा : मैं यह कहना चाहता हूं कि सेन्टर ने हमारे साथ बितकरा किया है। इलेक्ट्रिसिटी के मसले में 32 करोड़ की जो इन्डस्ट्री नांगल में है वह आधी बिजली रोज खाती है। हम कहते हैं उठा लीजिये, हम बिजली से किसान के ट्यूब-बैल चलायेंगे, पैदावार बढ़ायेंगे। मैं यह बात भी फख्र के साथ कहता हूं 20 साल कांग्रेस के पास पंजाब रहा और वहां के बजट से पता चलता है वहां की पैदावार 30 लाख टन थी। लेकिन इस बजट में जो निशानें दिये गये हैं वे 70 लाख टन के हैं। यह फख्र हमको ही है कि हमने किसानों को तैयार किया। इनकी तरह काम नहीं किया; क्योंकि केन्द्रीय सरकार ने तो किसान के ट्रैक्टर और ट्यूबवैल और उनके स्पेयर पार्ट्स के ऊपर टैक्स लगा दिया है, डीजल के ऊपर टैक्स लगा दिया है और इस तरह से यह सरकार पैदावार बढ़ाने की बजाय घटाने की बात करती है।

